शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

www.samagya.in

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

कोलकाता, श्रावण कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 31 |
| आर्द्रता | 88% |
| सूर्योदय: 4:59 | सूर्यास्त: 18:25 |




मोदी सरकार में क्षेत्रीय परिषदें केवल चर्चा का मंच नहीं बल्कि 'सहयोग का इंजन' बन गई हैं: अमित शाह पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** जीवन समय का सदुपयोग और समय जीवन की कीमत बताता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, बिहार में जारी रहेगा वोटर लिस्ट सत्यापन

## 'आधार, राशन और वोटर कार्ड शामिल करने पर विचार करे चुनाव आयोग'

**नयी दिल्ली :** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग का पक्ष सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल वोटर वेरिफिकेशन पर रोक लगाने से इनकार किया है। वही चुनाव आयोग को पहचान पत्र के तौर पर आधार कार्ड और राशन कार्ड को शामिल करने पर विचार करे. इस मामले पर अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किए जाने के फैसले पर गुरुवार को देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया की टाइमिंग और उद्देश्य को लेकर



कड़े सवाल उठाए और स्पष्ट किया कि मतदाता सूची से जुड़ा कोई भी निर्णय लोकतंत्र के मूल अधिकारों से जुड़ा हुआ है, इसलिए उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता अनिवार्य है। बता दें कि इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 10 से अधिक याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें प्रमुख याचिकाकर्ता गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स है। इनके अलावा कई प्रमुख विपक्षी नेताओं ने भी याचिका दायर कर निर्वाचन आयोग के इस निर्णय को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ बताया।

### पुनरीक्षण कवायद सुगमता से जारी : निर्वाचन आयोग

उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्वाचन आयोग से बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज मानने के निर्देश के बीच आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि मतदाताओं से 66.16 प्रतिशत फार्म एकत्र कर लिए गये हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाताओं के पास बिहार में चुनाव अधिकारियों को फॉर्म वापस जमा करने के लिए अभी भी 15 दिन बाकी हैं। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा, 24 जून को विशेष गहन पुनरीक्षण का निर्देश जारी होने के बाद से पिछले 16 दिनों में बृहस्पतिवार शाम 6 बजे तक, 5,22,44,956 गणना फॉर्म एकत्र किए गए हैं जो बिहार में कुल 7,89,69,844 (लगभग 7.90 करोड़) मौजूदा मतदाताओं का 66.16 प्रतिशत है।

## शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे: नासा

**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के चालक दल के तीन अन्य सदस्य 14 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटने के लिए तैयार हैं। नासा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के मैनेजर स्टीव स्टिच ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम स्टेशन प्रोग्राम पर काम कर रहे हैं और एक्सिओम-4 की प्रगति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। मुझे लगता है कि हमें उस मिशन को अनडॉक (अलग करना) करना होगा और इसका मौजूदा लक्ष्य 14 जुलाई है।

# बंगाल के सभी जिला मुख्यालयों में बन रहे हैं शॉपिंग मॉल : ममता बनर्जी

### मुख्यमंत्री ने कहा... 'जिलों में शॉपिंग मॉल बनाने के लिए एक रुपये में जमीन दे रही राज्य सरकार'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार ने सूबे के सभी 23 जिलों के मुख्यालयों में एक-एक बड़ा शॉपिंग मॉल बनाने की पहल की है। इसके लिए जमीन की व्यवस्था राज्य सरकार स्वयं करेगी। मुख्यमंत्री ने शाम में अलीपुर में चमड़ा एवं कुटीर उद्योग केंद्र 'शिल्पन्नो' का उद्घाटन करते हुए कहा कि जिलों में इस शॉपिंग मॉल के लिए राज्य सरकार जमीन एक रुपये में उपलब्ध कराएगी। यानी निशुल्क जमीन दी जाएगी। मुख्यमंत्री के अनुसार, सभी हम जिला मुख्यालयों में एक शॉपिंग मॉल बना रहे हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री ने शॉपिंग मॉल बनाने के लिए जमीन खरीदने वालों के लिए शर्तें भी रखी हैं। उन्होंने कहा कि शॉपिंग मॉल चाहे कितना भी बड़ा क्यों न बने, उसकी दो मंजिलें राज्य सरकार के लिए जरूर रखनी होंगी। सरकार यह व्यवस्था कर रही है कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं वहां अपना सामान बेच सकें। इसके माध्यम से महिलाओं को बाजार मिल सके। ममता ने कहा कि मुझे इसे बनाने वालों से सिर्फ दो मंजिल चाहिए। बाकी जगहों पर आप सिनेमा हाल, काफी हाउस, जो चाहें बना सकते हैं। शॉपिंग मॉल चाहे कितना भी बड़ा हो, चाहे छह मंजिला हो, सात मंजिला हो या आठ मंजिला हो, मुझे उसे देखने की जरूरत नहीं है। लेकिन मुझे अपने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए दो मंजिल चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिल्पन्नो में बांग्ला साड़ी और चमड़े के सामान की दुकानें होंगी। कुल 46 स्टॉल यहां खोले गए हैं। महिला सुधार गृह परिसर में नवनिर्मित एक बिक्री केंद्र- अभिन्नो का भी ममता ने इस दौरान रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। जहां कैदियों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे और उसकी बिक्री की जाएगी। इसके अलावा, ममता ने राज्य में बांग्लार साड़ी – उत्सवी साडि़यों के संग्रह वाले 14 नए शोरूम का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा, ममता ने अपने कालीघाट स्थित आवास से सटे अलीपुर में जेल संग्रहालय के पास नवनिर्मित शिविर कार्यालय- सुलाग्नो का भी उद्घाटन किया।



ममता बनर्जी ने अलीपुर में चमड़ा एवं कुटीर उद्योग केंद्र 'शिल्पन्नो' का किया उद्घाटन

# नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के तीन दोषियों को फांसी की सजा

**जलपाईगुड़ी :** जलपाईगुड़ी जिले की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए तीन लोगों को गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई। यह घटना लगभग पांच साल पहले हुई थी। रहमान अली, जमीरुल और तामीरुल पर पीड़िता का अपहरण करने और कई दिनों तक उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करने, फिर चराई नदी के किनारे गला घोंटकर उसकी हत्या करने और सबूत मिटाने के लिए उसके शव को पड़ोस में निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में फेंकने का आरोप था। न्यायाधीश रिंटू सूर ने



बुधवार को अदालत में 27 गवाहों की गवाही के बाद तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई। अपराध की यह घटना अगस्त 2020 में उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के राजगंज पुलिस थाना क्षेत्र में हुई थी। मामला तब सामने आया जब स्थानीय मदरसे में दसवीं कक्षा की छात्रा 16 वर्षीय लड़की के परिवार ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। बाद में, पीड़िता का शव आंशिक रूप से सड़ी हुई अवस्था में एक आरोपी के घर के पास स्थित सेप्टिक टैंक से बरामद किया गया, जहां उसे फेंका गया था।

# केंद्र ने आपदा प्रभावित छह राज्यों के लिए 1,066 करोड़ रुपये जारी किये : शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, केरल और उत्तराखंड के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) में केंद्रीय अंशदान के तहत 1,066.80 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी अपदाओं का सामना कर रहे राज्यों के साथ पूरी दृढ़ता से खड़ी है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज केंद्र सरकार ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित राज्यों असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, केरल और उत्तराखंड के लिए एसडीआरएफ के तहत केंद्रीय हिस्से के रूप में 1,066.80 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।'' गृह मंत्री ने कहा कि वित्तीय सहायता के अलावा, अपेक्षित राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), सेना और वायु सेना की तैनाती सहित सभी तरह की सहायता प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता रही है।

# आपातकाल 'काला अध्याय' था; 1977 के चुनाव में जनता ने इंदिरा की ज्यादतियों को नकारा : थरूर

**तिरुवनंतपुरम :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल की आलोचना करते हुए कहा कि देश की जनता ने उस दौर की ज्यादतियों का स्पष्ट जवाब उनकी पार्टी को बड़े अंतर से हराकर सत्ता से बाहर करके दिया। मलयालम दैनिक 'दीपिका' में बृहस्पतिवार को आपातकाल पर प्रकाशित एक लेख में कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य ने इसे भारत के इतिहास का 'काला अध्याय' बताया और इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के कृत्यों को याद किया जिसमें जबरन नसबंदी अभियान एवं नयी दिल्ली में झुग्गियों को बलपूर्वक गिराए जाने के मामले शामिल हैं। थरूर ने कहा कि (पूर्व) प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इन कठोर कार्रवाई का समर्थन करते हुए देखा गया था। उन्होंने इस मामले में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री की आलोचना की, जिन्हें नेहरू परिवार और कांग्रेस भारत की 'आयरन लेडी' मानती है। विपक्ष के नेता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता वी. डी. सतीशन ने लेख पर उनके विचार पूछे जाने पर कहा कि केवल पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व ही इस पर टिप्पणी कर सकता है।

OmDayal Group

DELHI PUBLIC SCHOOL, DURGAPUR

CBSE +2





Why choose DPS Durgapur?

- **Follows CBSE - the most acclaimed and NEP-recommended curriculum.** Special emphasis on Competency based questions. Highly qualified and trained faculty.
- **Streams Offered in CBSE +2** : Science | Commerce | Humanities.
- Special classes for **competitive exams preparation** like JEE, NEET, CUET etc.
- **Interactive Smart TVs in classrooms**. Advanced Science and Computer Labs. Student portal with a wide repository of question papers and study materials.
- **International-standard Football ground** equipped with flood lights (for hostel students to play in the evening). A professional- grade Swimming Pool (expected to be operational soon).
- Various **co-curricular activities** like Painting, Dance & Music etc.
- **Extensive Bus Service** spanning from Panagarh to Raniganj & Mejia (covering all points in between) with speed governors, GPS, CCTV surveillance and attendants.
- **In-campus Fully Air-conditioned Hostel Facility** (V-XII) separate for Boys and Girls. Fresh, nutritious and wholesome meals for hostellers.


Dining Hall


Net Practice


Football Ground


Hostel Room

Sibling discount* available

AC Hostel Building


CLASS X BOARD RESULTS 2025
Saanvi Rajnish 99.0 %
Devanshi Vinay Mehta 98.40 %
Paulami Kar 98.40 %
Gourika Singhania 98.40 %

CLASS XII BOARD RESULTS 2025
Upasana Lachhiramka 97.20%
Aditya Madan 96.20%
Chandrachur Mondal 95.80%

ACHIEVERS OF JEE MAIN 2025
ANEEK SI AIR - 7783
DIBYANGANA PAL AIR - 8443

| Board Results 2025 | | | | Competitive Exam Results 2025 | |
|---|---|---|---|---|---|
| Class X | >80% | Class XII | >80% | JEE Main | NEET |
| 202 | 159 | 163 | 90 | 12 (Top Rank 7783) | 8 |

ACHIEVERS OF NEET 2025
SOHOM KUNDU Marks Scored - 482 Rank - 26499
PRERONA DAS Marks Scored - 444 Rank - 44419

ADMISSION OPEN for Academic Session 2025-26 NURSERY TO CLASS 12

90077 95297, 96815 00600

For online admissions visit www.dpsdurgapur.com, admission@dpsdurgapur.com

An educational landmark of OmDayal Educational & Research Society in collaboration with Delhi Public School Society, Delhi

## सिर चढ़कर बोल रही हैं जनसंख्या की दुश्वारियां

संयुक्त राष्ट्र की ओर से हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। जनसंख्या दिवस की इस वर्ष की थीम युवाओं को सशक्त बनाना ताकि वे एक न्यायपूर्ण और आशावादी दुनिया में अपनी पसंद के परिवार बना सकें रखी गई है। दुनिया की जनसंख्या 8 बिलियन यानि 8 अरब को पार कर चुकी है। जनसंख्या वृद्धि आज एक वैश्विक समस्या बन चुकी है। जनसंख्या विस्फोट ने न केवल विकास को प्रभावित किया है अपितु इससे बेरोजगारी, भुखमरी और अशिक्षा जैसी भयावह समस्याओं ने विकराल रूप ले लिया हैं। ऐसे में जनसंख्या नियंत्रण एक जरूरी कदम हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र की ओर से इस दिन को मनाने की शुरुआत की गई। भारत में जनसंख्यां विस्फोट का असर अब दिखाई देने लगा है। हमारी सुविधाएँ सिकुड़ने लगी है और दैनंदिन जीवन मुश्किल में पड़ने लगा है। भारत की राजधानी जनसंख्यां विस्फोट से उबलने लगी है। देश के मेट्रो शहरों का हाल भी बहुत खराब है। बड़े और छोटे शहरों में आये दिन लगने वाले ट्रैफिक जाम ने जीना हराम कर दिया है। वाहन रेंगने की स्थिति में पहुँच गए है। लोगों को पैदल चलना अधिक मुनासिब लग रहा है। बढ़ती जनसंख्या की दुश्वारियां सिर चढ़कर बोलने लगी है। भूखों की संख्यां निरंतर बढ़ रही है। विकास कार्य सिकुड़ रहे है। रोटी, कपडा और मकान की बुनियादी सुविधाओं की बात करना बेमानी हो गया है। विकास का स्थान विनाश ने ले लिया है।आज दुनिया की एक बड़ी आबादी भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास समेत बुनियादी सुविधाओं से वंचित है और इसकी एक प्रमुख वजह अनियंत्रित आबादी है। जनसंख्या वृद्धि भारत सहित दुनिया के कई देशों विशेषकर विकासशील देशों में गंभीर समस्या का रूप ले चुकी है। देश और दुनिया में लगातार बढ़ती जनसँख्या ने विकास के सारे मार्ग अवरुद्ध कर दिए है। कोई ठोस वैश्विक नीति नहीं होने का खामियाजा हर व्यक्ति को उठाना पड़ रहा है। ऐसे में समूचे विश्व का ध्यान भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर केंद्रित हो रहा है जो अपने कठोर फैसलों के लिए जाने जाते है। मोदी इस समय एक गलोबल लीडर के रूप में स्थापित हो चुके है। जनसँख्या विशेषज्ञों का मानना है यदि भारत में कानून के जरिये बढ़ती जनसँख्या पर लगाम लगाई जाती है तो दुनिया भारत का अनुसरण कर सकती है।

भारत में मोदी सरकार के लिए जनसँख्या कानून बनाने का यह सही समय है। देश के विकास को पटरी पर लाने और खुशहाल भारत के सपने को साकार करने के लिए देश में जनसँख्या कानून को अमली जामा पहनने की आज महत्ती जरुरत है। एक या दो बच्चों के आदर्श परिवार को अपनाकर ही हम देश की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं का समाधान कर सकते है। इसके लिए लोगों को जागरूक और शिक्षित कर अपने भले बुरे का ज्ञान करना जरूरी है तभी हम अपने उद्देश्य में सफल हो सकते है। भारत विश्व का दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। आजादी के समय भारत की जनसंख्या 33 करोड़ थी जो आज चार गुना तक बढ़ गयी है। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक भारत की जनसंख्या 121 करोड़ है। जबकि जनसंख्या वृद्धि दर संबंधी आंकड़ों पर नजर रखने वाली वेबसाइट वर्ल्डोमीटर के अनुसार 2021 में भारत की जनसंख्या लगभग 139 करोड़ हो चुकी है। परिवार नियोजन के कमजोर तरीकों, अशिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के अभाव, अंधविश्वास और विकासात्मक असंतुलन के चलते आबादी तेजी से बढ़ी है। हमारी आबादी में अभी भी हर दिन पचास हजार की वृद्धि हो रही है। इतनी बड़ी जनसंख्या को भोजन मुहैया कराने के लिए यह आवश्यक है कि हमारा खाद्यान्न उत्पादन प्रतिवर्ष 54 लाख टन से बढे जबकि वह औसतन केवल 40 लाख टन प्रतिवर्ष की दर से ही बढ़ पाता है। जनसंख्या वृद्धि के दो मूल कारण अशिक्षा एवं गरीबी है। लगातार बढ़ती आबादी के चलते बड़े पैमाने पर बेरोजगारी तो पैदा हो ही रही है, कई तरह की अन्य आर्थिक और सामाजिक समस्याएं भी पैदा हो रही हैं । भारत के सामने अनेक समस्याएँ चुनौती बनकर खड़ी हैं। जनसंख्या-विस्फोट उनमें से सर्वाधिक है। एक अरब भारतियों के पास धरती, खनिज, साधन आज भी वही हैं जो 50 साल पहले थे परिणामस्वरूप लोगों के पास जमीन कम, आय कम और समस्याएँ अधिक बढ़ती जा रही हैं। जनसंख्या वृद्धि एक नयी चुनौती बनकर हमारे सामने आई हैं और आज भी इस पर काबू पाने में सरकार को कठिनाई हो रही है। जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम देश को भोगने पड़ रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या की दुश्वारियां सिर चढ़कर बोलने लगी है। भूखों की संख्यां निरंतर बढ़ रही है। विकास कार्य सिकुड़ रहे है। रोटी, कपडा और मकान की बुनियादी सुविधाओं की बात करना बेमानी हो गया है। विकास का स्थान विनाश ने ले लिया है। अधिक जनसंख्या के कारण बेरोजगारी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गयी है। लोगों के आवास के लिए कृषि योग्य भूमि और जंगलों को उजाड़ा जा रहा है । इससे बचने का एक मात्र उपाय यही है की हम येन केन प्रकारेण बढ़ती आबादी को रोके। अन्यथा विकास का स्थान विनाश को लेते अधिक देर नहीं लगेगी।

– बाल मुकुन्द ओझा

# विपक्ष की सियासत का अखाड़ा बनती अदालतें



अजय कुमार

भारत का सर्वोच्च न्यायालय, जिसे संविधान का रक्षक और न्याय का अंतिम गढ़ माना जाता है, अक्सर विपक्षी दलों की याचिकाओं को गंभीरता से लेता है। यह सवाल बार-बार उठता है कि आखिर क्यों अदालत ऐसी याचिकाओं को इतना महत्व देती है, जिनमें कई बार सियासत की बू आती है। जनता द्वारा चुनावों में ठुकराए गए नेता और राजनीतिक दल अदालतों के जरिए अपनी खोई हुई साख को पुनर्जनन देने की कोशिश करते हैं। यह एक ऐसा जटिल मसला है, जिसमें न्याय, लोकतंत्र, और राजनीति का त्रिकोण उभरकर सामने आता है। सर्वोच्च न्यायालय का मूल उद्देश्य संविधान की रक्षा करना और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करना है। संविधान का अनुच्छेद 32 अदालत को मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के मामलों में रिट याचिकाओं के जरिए हस्तक्षेप करने की शक्ति देता है। इसके अलावा, जनहित याचिकाओं (पीआईएल) ने अदालत को एक व्यापक मंच प्रदान किया है, जहां न केवल व्यक्ति, बल्कि समूह या संगठन भी सार्वजनिक महत्व के मुद्दों को उठा सकते हैं। विपक्षी दल, जो अक्सर सत्ता से बाहर होते हैं, इन प्रावधानों का उपयोग करके अपनी बात को जनता और सरकार तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं। लेकिन क्या यह सिर्फ सियासत है, या इसके पीछे कोई गहरा लोकतांत्रिक मकसद भी छिपा है?

विपक्षी दलों की याचिकाएं कई बार उन मुद्दों पर केंद्रित होती हैं, जो जनता के व्यापक हित से जुड़े होते हैं। उदाहरण के लिए, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, सरकारी नीतियों में जवाबदेही, या मौलिक अधिकारों का उल्लंघन जैसे विषयों पर याचिकाएं दायर की जाती हैं। ये याचिकाएं भले ही राजनीति से प्रेरित दिखें, लेकिन कई बार ये सरकार की जवाबदेही को सुनिश्चित करने में महत्व-पूर्ण भूमिका निभाती हैं। मिसाल के तौर पर, सर्वोच्च न्यायालय ने हाल के वर्षों में कई ऐसे मामलों में हस्तक्षेप किया है, जहां विपक्षी दलों ने चुनावी बांड योजना, मतदाता सूची में गड़बड़ी, या सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को उठाया। इनमें से कुछ याचिकाओं ने सरकार को नीतिगत बदलाव करने के लिए मजबूर किया, जिससे लोकतंत्र को मजबूती मिली।

हालांकि, यह भी सच है कि कई बार विपक्षी दल ऐसी याचिकाओं का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक छवि को चमकाने के लिए करते हैं। जनता द्वारा चुनावों में हारने के बाद ये दल अदालतों को एक मंच के रूप में देखते हैं, जहां वे अपनी प्रासंगिकता साबित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर कोई विपक्षी दल किसी नीति के खिलाफ याचिका दायर करता है और सर्वोच्च न्यायालय उस पर सुनवाई करता है, तो यह दल मीडिया और जनता के बीच यह संदेश देने में सफल हो जाता है कि उनकी बात में दम है। भले ही याचिका खारिज हो जाए, लेकिन सुनवाई की प्रक्रिया ही उनके लिए एक नैतिक जीत बन जाती है। यह एक तरह से सियासत का नया अखाड़ा बन गया है, जहां अदालतें अनजाने में राजनीतिक दलों के लिए एक मंच प्रदान कर देती हैं।

सर्वोच्च न्यायालय का रुख भी इस मामले में विचारणीय है। अदालत का यह दायित्व है कि वह हर उस याचिका पर विचार करें, जिसमें संवैधानिक या सार्वजनिक महत्व का प्रश्न उठाया गया हो। कई बार ऐसी याचिकाएं, जो सतह पर सियासी लगती हैं, वास्तव में संवैधानिक सिद्धांतों या कानूनी प्रक्रियाओं से जुड़ी होती हैं। उदाहरण के लिए, 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीति के अपराधीकरण पर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया, जिसमें राजनीतिक दलों को अपने प्रत्याशियों के आपराधिक रिकॉर्ड को सार्वजनिक करने का आदेश दिया गया। यह आदेश एक विपक्षी दल की याचिका के आधार पर आया था, लेकिन इसका प्रभाव पूरे राजनीतिक तंत्र पर पड़ा। ऐसे में, यह कहना गलत होगा कि हर याचिका सिर्फ सियासत से प्रेरित होती है।

दूसरी ओर, यह भी देखा गया है कि कुछ याचिकाएं केवल प्रचार के लिए दायर की जाती हैं। ऐसी याचिकाएं, जिनमें कोई ठोस कानूनी आधार नहीं होता, अदालत का समय और संसाधन बर्बाद करती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कई बार ऐसी याचिकाओं को खारिज करते हुए याचिकाकर्ताओं पर जुर्माना भी लगाया है। फिर भी, अदालत की उदारता और पीआईएल की सुगम प्रक्रिया के चलते ऐसी याचिकाओं की बाढ़ नहीं रुकती। यह एक दोधारी तलवार है। एक ओर अदालत का दरवाजा हर नागरिक के लिए खुला रखना जरूरी है, ताकि वास्तविक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई जा सके; दूसरी ओर, इस प्रक्रिया का दुरुपयोग सियासी मकसदों के लिए हो रहा है।

विपक्षी दलों के लिए अदालतें एक तरह से वैकल्पिक मंच बन गई हैं, जहां वे सरकार को कठघरे में खड़ा कर सकते हैं। खासकर तब, जब संसद में उनकी आवाज दब रही हो या जनता का समर्थन कम हो। लेकिन यह प्रक्रिया हमेशा नकारात्मक नहीं होती। कई बार ऐसी याचिकाओं ने सरकार को जवाबदेह बनाया है। मिसाल के तौर पर, पर्यावरण, शिक्षा, या स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर विपक्षी दलों की याचिकाओं ने नीतिगत बदलावों को प्रेरित किया है। फिर भी, यह सवाल बना रहता है कि क्या अदालतों को इतनी आसानी से सियासी खेल का हिस्सा बनने देना चाहिए?

सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका न केवल कानून की व्याख्या करना है, बल्कि लोकतंत्र के संतुलन को बनाए रखना भी है। अगर अदालत हर याचिका को खारिज करने लगे, तो यह संवैधानिक अधिकारों के हनन का रास्ता खोल सकता है। लेकिन अगर वह हर याचिका को गंभीरता से लेती रहे, तो सियासी दलों को अपनी राजनीति चमकाने का एक आसान रास्ता मिल जाता है। इस स्थिति में अदालत को एक संतुलन बनाना होगा। शायद याचिकाओं की जांच के लिए और सख्त मानदंड तय करने की जरूरत है, ताकि केवल वही मामले सुनवाई के लिए स्वीकार हों, जो वास्तव में सार्वजनिक हित से जुड़े हों।

यह कहना उचित होगा कि सर्वोच्च न्यायालय की उदारता और उसका हर आवाज को सुनने का रवैया ही उसे लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बनाता है। लेकिन इस उद-ारता का दुरुपयोग रोकने के लिए भी कदम उठाने होंगे। विपक्षी दलों की याचिकाएं भले ही सियासत से प्रेरित हों, लेकिन कई बार यही याचिकाएं लोकतंत्र को मजबूत करने का काम करती हैं। यह एक ऐसा विरोधाभास है, जो भारत के लोकतंत्र और न्यायिक व्यवस्था को और भी जटिल और रोचक बनाता है।

-वरिष्ठ पत्रकार


# आतंकवाद में डिजिटल तकनीकों का बढ़ता उपयोग चिन्ताजनक



ललित गर्ग

टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफ एटी एफ) की नई रिपोर्ट में आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। इस रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को गहन चिन्त-ाजनक बताया है। रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के वित्त-पोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है बल्कि गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है। इसमें बताया गया है कि टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पलने-बढ़ने वाले आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुँच के नए मार्ग भी तलाश रहे हैं। इसके अलावा, आतंकवादी संगठन अब विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना और संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे आर्थिक सहयोग पर चिन्ता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।

एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनैशनल थर्ड पार्टी ट्रांजैक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है। जब कोई व्यक्ति वीपीएन का उपयोग करता है, तो उसका इंटरनेट ट्रैफिक एक एन्क्रिप्टेड सुरंग के माध्यम से किसी अन्य देश के सर्वर से होकर गुजरता है। इससे उसकी वास्तविक पहचान छिप जाती है और वह सेंसरशिप, ट्रैकिंग और जियो-रिस्ट्रिक्शन से बच सकता है।



2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूज़र्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूज़र्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के ज़रिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है। लेकिन सवाल यह है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीददारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिह्नित कैसे किया जाए? एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है।

एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने अब पारंपरिक धन स्रोतों के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। ये माध्यम उन्हें सरकार की नजरों से बचाते हुए सीमाओं के पार फंडिंग जुटाने की सहूलियत देते हैं। साथ ही, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स, फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स, और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर वे अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो, लेकिन उसके खिलाफ लगे आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्ज़र्वेशन्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से। उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। 'ग़ज़वा-ए-हिंद' जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी ज़मीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं।

भारत के विरुद्ध हाइब्रिड वारफेयर और साइबर जिहाद की रणनीति पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नीति का हिस्सा बन चुकी है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दक्षिण एशिया में भारत सबसे अधिक प्रभावित देश है, जहां डिजिटल माध्यम से न केवल फंडिंग, बल्कि ब्रेनवॉशिंग और भर्ती का कार्य भी तेजी से हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी संगठनों की ओर आकर्षित किया जाता है। उत्तर पूर्व में उग्रवादी संगठनों को डिजिटल भुगतान और चैनलों के माध्यम से सहायता मिलती रही है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान समेत उन सभी देशों से अपेक्षा की है कि वे डिजिटल वित्तीय निगरानी तंत्र को मजबूत करें। क्रिप्टो ट्रांजैक्शन पर नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। आतंकी संगठनों के ऑनलाइन अस्तित्व को समाप्त करने के लिए तकनीकी टूल्स विकसित करें। एफएटीएफ का चेतावनी के स्वरों में यह भी कहना है कि यदि आतंक के गढ़ एवं आतंकवाद को पोषित करने वाले इन देशों ने इन सिफारिशों पर अमल नहीं किया तो उन्हें 'हाई रिस्क जॉन' की सूची में डाला जा सकता है। भारत को इस डिजिटल आतंकी खतरे से निपटने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय से एक संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए-क्रिप्टो ट्रांजैक्शन की रियल-टाइम निगरानी, साइबर आतंकवाद पर विशेष फोर्स का गठन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से आतंकी कंटेंट की पहचान और हटाने के लिए मजबूत कानून, डार्क वेब और फेक डोनेशन चैनलों की सतत निगरानी आदि कदम उठाने चाहिए।

डिजिटल तकनीक ने जहां मानव जीवन को सरल और तेज़ किया है, वहीं इसका दुरुपयोग करके आतंकवाद को नया चेहरा देने की कोशिशें चिंता का विषय हैं। एफएटीएफ की चेतावनी को गंभीरता से लेने और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाना होगा ताकि वे अपनी धरती पर पनप रहे आतंकवाद एवं डिजिटल आतंकवाद के अड्डों को समाप्त करें। तभी एक सुरक्षित डिजिटल विश्व और शांतिपूर्ण वैश्विक समाज की कल्पना की जा सकती है। एफएटीएफ रिपोर्ट विश्लेषण करती है कि आतंकवादियों ने अपने आतंकवादी उद्देश्यों के लिए वैश्विक दर्शकों से धन जुटाने के लिए सोशल मीडिया पर धन उगाहने वाले प्लेटफॉर्म और क्राउडफंडिंग माध्यमों से आतंकवाद के वित्तपोषण प्राप्त किया है। आतंकवादी संगठन पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ डिजिटल तरीकों से भी धन जुटाकर आतंकवाद को अंजाम दे रहे हैं।

भारत ने एफएटीएफ रिपोर्ट को अपने रुख के समर्थन में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है, जिसमें पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर कार्रवाई की मांग की गई है। यह रिपोर्ट आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। यह रिपोर्ट आतंकवाद के वित्तपोषण और संचालन में शामिल देशों और व्यक्तियों पर दबाव बढ़ाने और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नीतियों और रणनीतियों को विकसित करने में सहायक हो सकती है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी, हमलावर ने कई राउंड फायर किए

**कनाडा :** कॉमेडी किंग के नाम से मशहूर कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले ही कनाडा में अपना नया कैफे 'कैप्स कैफे' खोला था। लेकिन अब खबर आ रही है कि कपिल के इस कैफे पर बुधवार रात को गोलीबारी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैफे पर कई राउंड गोलीबारी की गई। हालांकि अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस हमले की जिम्मेदारी एनआईए की सूची में शामिल भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक हरजीत सिंह लाडी ने ली है। हरजीत, बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा हुआ है। ये हमला कथित तौर पर कपिल की टिप्पणियों पर नाराजगी के चलते किया गया है।

### बांग्लादेश में 330 दिनों में सांप्रदायिक हिंसा की 2442 घटनाएं हुईं: अल्पसंख्यक संगठन

**ढाका :** बांग्लादेश में पिछले साल चार अगस्त 2024 को राजनीतिक अशांति के चरम पर पहुंचने और फलस्वरूप प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद से 330 दिनों में सांप्रदायिक हिंसा की 2,442 घटनाएं हुईं। देश में अल्पसंख्यकों के हितों के लिए काम करने वाले एक संगठन ने बृहस्पतिवार को यह दावा किया। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने यहां 'नेशनल प्रेस क्लब' में प्रेसवार्ता जारी एक बयान में कहा, 'इनमें से अधिकतर हिंसक घटनाएं पिछले साल चार अगस्त एवं 20 अगस्त के बीच हुईं।' परिषद ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों को चार अगस्त, 2024 से 330 दिनों की अवधि में सांप्रदायिक हिंसा की 2,442 घटनाओं का सामना करना पड़ा।

### हिंदू भक्ति गीतों के गायक ने ब्राजील की झुग्गी-बस्तियों में योग प्रसार परियोजना का उद्घाटन किया

**रियो डी जेनेरियो :** ब्राजील में रियो डी जेनेरियो के एक झुग्गी बस्ती इलाके में निम्न आयवर्ग के लोगों को योग शिक्षक बनाने के लिए निशुल्क प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों योग प्रेमियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया। प्रसिद्ध अमेरिकी गायक कृष्ण दास ने रोसिन्हा झुग्गी बस्ती इलाके में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 11 जुलाई, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 26:07 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 05:48 तक, योग : वैधृति, 20:32 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 19:05, चन्द्रास्त: 05:03, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 10:02 से 11:42

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों लिए उन्नति के संयोग बन रहे हैं। जीवनसाथी से आर्थिक मामलों में सक्रिय सहयोग मिलेगा। परिवार में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट या इंश्योरेंस पॉलिसी पर चर्चा हो सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में उन्नति के मजबूत योग हैं। किसी सरकारी अफसर, राजनीतिक जान-पहचान या पुराने निवेशक से मिलने वाला सहयोग कारोबार का विस्तार कर सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को सावधानी के साथ काम करने की सलाह है। महत्वपूर्ण फाइनेंशियल डॉक्युमेंट्स और मोबाइल या ई-वॉलेट की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**कर्क :** कर्क राशि के लोग संपत्ति, वाहन, लोन से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। यदि आप रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री या कैटरिंग से जुड़े हैं, तो किसी क्लाइंट से बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। वाणी की मधुरता और नेटवर्किंग स्किल्स से बड़े कॉर्पोरेट या सरकारी क्लाइंट्स से संपर्क बन सकता है।

**कन्या :** कन्या राशि का दिन तरक्की लेकर आएगा। नौकरी और व्यवसाय से जुड़ी बड़ी सफलता मिल सकती है। जिन लोगों ने सरकारी योजनाओं में निवेश किया है, उन्हें रिटर्न मिलने का योग बन रहा है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए धन प्राप्ति के मामले में दिन अनुकूल है। पुराना निवेश जैसे पीपीएफ, एलआईसी या पोस्ट ऑफिस स्कीम से लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों के लिए उन्नति के योग बने हैं। अनचाहे खर्चों की संभावना है। विशेषकर हेल्थ और कानूनी मामलों में। बैंकिंग, टैक्सेशन और लाइसेंसिंग कार्य में प्रगति होगी।

**धनु :** धनु राशि के लिए दिन अनुकूल है। गवर्नमेंट सेक्टर, ग्रांट्स या स्कॉलरशिप के जरिए धन प्राप्ति के योग हैं। यदि आप कोई जॉब स्विच की सोच रहे हैं तो उसके लिए उपयुक्त अवसर आ सकता है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। रोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक संकेत मिलेंगे। बैंक लोन स्वीकृति, प्रॉपर्टी फाइनल या बकाया बिल की प्राप्ति जैसे कार्यों में प्रगति होगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को समझदारी से काम लेने की सलाह है। आर्थिक निर्णय लेते समय भ्रम की स्थिति से बचें। शनि की स्थिति अनावश्यक भ्रम, संशय या देरी करा सकती है।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए निवेश से लाभ के विशेष योग हैं। विशेषकर पारंपरिक योजनाएं जैसे म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट, गोल्ड या पीपीएफ धन वृद्धि करेंगी।

## वर्ग पहेली नं. 3149

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | | ■ | 10 | 11 | | 12 | ■ |
| ■ | 13 | 14 | ■ | 15 | ■ | | ■ | 16 | |
| 17 | | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | | ■ | ■ | 25 | | ■ | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ | |
| | ■ | ■ | 28 | | | ■ | 29 | | |

*बायें से दायें:-* 1) भेदभावहीनता, 4) एक फल, 6) जाति-निर्वासन; *बायकाट,* 8) जूँ का अंडा; रेखा, 10) अनुभव, 13) पतली बेल, 16) ईख, 17) मुमकिन होना, 18) अखंड, 20) वर्तमान से कुछ ही पहले का समय; दशा, 21) बोतल, 22) कर्कश; बुड्ढा, 24) एक धातु, 25) एक फल, 26) भूकर; लगान, 27) जन्म; प्रसूति, 28) युवा पुरुष, 29) प्राचीन काल में पशुओं एवं दासों के क्रयविक्रय का स्थान.

*ऊपर से नीचे:-* 1) सखी, 2) हिम्मत, 3) आश्चर्य, 4) ढेर, 5) परि-पाटी, 7) अंग; भाग, 9) बहते जल की मंदध्वनि, 11) स्वर्ग, 12) लगाम की रस्सी, 14) व्यंगपूर्ण चुटिली बात, 15) अन्य, 17) हमदर्दी, 19) तुरंत बाद, 21) शैतानी; पाजीपन, 22) ईन्धन, 23) खचाखच, 24) निर्दोष, 25) मुक़दमा; ख़ाना, 27) प्रतिज्ञा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ज्ञा | ज | न | क | ■ | अ | ध्या | प | क |
| ती | ■ | श्र | ■ | स | मू | चा | ■ | रो | ■ |
| फ़ा | श | ■ | श | क | ■ | न | खा | क्ष | त |
| ■ | ब | ■ | य | ■ | सं | क | ट | ■ | म |
| ■ | न | वी | न | ता | ■ | ■ | क | पू | त |
| का | म | ■ | क | ■ | अ | प | ना | ■ | मा |
| म | ■ | अ | क्ष | त | ■ | र | ■ | पा | ना |
| चो | टी | ■ | ■ | म | ल्या | व | ता | र | ■ |
| र | स | ना | ■ | त्रा | ■ | श | ■ | धी | रे |

## सुडोकू-पहेली-3106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | | 9 | | |
| | 7 | 5 | | | | | | 1 |
| | 6 | | 4 | | | | 5 | 2 |
| | | | 3 | | | | | |
| | | | | 1 | | | | 6 |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 7 | |
| | | | | 8 | | | | |
| | | | 6 | | 5 | 2 | | 4 |
| | | 6 | | | 7 | | 8 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3105 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 2 | 9 | 3 |
| 2 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |

# मुख्यमंत्री ममता से मिले उमर अब्दुल्ला, जम्मू कश्मीर आने का दिया निमंत्रण

## ममता ने केंद्र से जम्मू कश्मीर में सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता दौरे पर आए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से राज्य सचिवालय नवान्न में शिष्टाचार मुलाकात की। ममता के साथ बैठक में दोनों राज्यों के बीच विशेष रूप से उद्योग व पर्यटन के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा के साथ उमर ने मुख्यमंत्री को जम्मू कश्मीर आने का भी निमंत्रण दिया। बैठक के बाद, ममता के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में अब्दुल्ला ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री को जम्मू-कश्मीर के लोगों के प्रति उनकी सहानुभूति के लिए धन्यवाद देता हूं। 2019 में, एक चुनौतीपूर्ण राजनीतिक दौर के दौरान, दीदी (ममता) ने अपनी चिंताएं व्यक्त की थीं और कहा था कि जो कुछ भी हो रहा है वह गलत है। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद, दीदी ने गोलाबारी से प्रभावित जम्मू कश्मीर के लोगों की सहायता के लिए यहां से एक टीम भी भेजी थी



और जरूर मदद पहुंचाई। मैं इन सबके लिए उनका धन्यवाद करने और उन्हें जम्मू-कश्मीर आने का निमंत्रण देने आया हूं। इस दौरान, ममता ने संवाददाताओं से कहा कि मैंने जम्मू-कश्मीर आने का उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। दुर्गा पूजा उत्सव के बाद मैं वहां जाने की कोशिश करूंगी। हम कश्मीर की मदद के लिए तैयार हैं। हमारे पर्यटकों को कश्मीर जाना चाहिए। डरने की कोई बात नहीं है। ममता ने केंद्र से जम्मू कश्मीर में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया और कहा कि वहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक कश्मीर आ सकें। उसे क्षेत्र में सीमा सुरक्षा को भी मजबूत करना चाहिए। ममता ने कहा कि कश्मीर हमारे राष्ट्र का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह बहुत खूबसूरत है। मैं कश्मीर की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मुझे कश्मीर से बहुत प्यार है और यह मेरे सभी कश्मीरी भाइयों और बहनों के लिए मेरा दिल से प्यार है। हम पर्यटन और तकनीकी शिक्षा आदि में साथ मिलकर काम करेंगे। मैं चाहती हूं कि बांग्ला फिल्म उद्योग टालीवुड के लोग भी कश्मीर जाएं, वहां फिल्में शूट करें। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार भी पैदा होंगे। इस दौरान दोनों नेताओं ने राजनीति संबंधी कोई टिप्पणी नहीं की।

### ममता ने दिल्ली की जय हिंद कॉलोनी में बंगालियों के साथ उत्पीड़न का लगाया आरोप, भाजपा की आलोचना की

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह दिल्ली की जय हिंद कॉलोनी में बंगाली प्रवासी कामगारों को निशाना बना रही है और राज्य की सीमाओं से परे अपना बंगाली विरोधी एजेंडा फैला रही है। ममता ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कड़े शब्दों में लिखा कि वह राष्ट्रीय राजधानी के वसंत कुंज इलाके में स्थित जय हिंद कॉलोनी में बांग्ला भाषी प्रवासी मजदूरों के साथ उत्पीड़न और जबरन बेदखली की खबरों से बेहद परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाले प्रशासन ने उन्हें विस्थापित करने के प्रयास में पानी और बिजली की आपूर्ति तक अचानक बंद कर बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित कर दिया है। जिससे उनके जीवन यापन पर गंभीर असर पड़ा है। यह एक ऐसी बस्ती है जहां मुख्य रूप से बंगाली रहते हैं जिन्होंने शहर को असंगठित कार्यबल के हिस्से के रूप में बनाया है। ममता ने आरोप लगाया कि कथित तौर पर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के आदेश पर उनकी पानी की आपूर्ति काट दी गई। बिजली के मीटर जब्त कर लिए गए और परसों अचानक बिजली काट दी गई। उन्होंने लिखा कि निवासियों का यह भी आरोप है कि दिल्ली पुलिस ने, आरएएफ कर्मियों के समर्थन से, उनके द्वारा मंगवाए गए और भुगतान किए गए निजी पानी के टैंकरों को रोक दिया। ममता ने कहा कि पिछले दिसंबर में दिल्ली पुलिस द्वारा एक और उल्लंघन के बाद मामला अदालत में विचाराधीन होने के बावजूद वहां जबरन बेदखली की प्रक्रिया चल रही है। अगर आश्रय, पानी और बिजली के मूल अधिकारों का हनन हो रहा है, तो हम एक लोकतांत्रिक गणराज्य होने का दावा कैसे कर सकते हैं? उन्होंने दावा किया कि बंगाल में दूसरे राज्यों के डेढ़ करोड़ से ज्यादा प्रवासी मजदूर हैं जो सम्मान के साथ रहते हैं, लेकिन भाजपा शासित राज्यों के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता, जहां बंगालियों के साथ अपने ही देश में घुसपैठियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। ममता ने कहा कि बंगाली बोलने से कोई बांग्लादेशी नहीं हो जाता। ये लोग भी उतने ही भारत के नागरिक हैं जितने कोई और, चाहे वे कोई भी भाषा बोलते हों। उन्होंने लिखा कि बंगाल में बंगालियों को वंचित करने के अपने प्रयासों में विफल होने के बाद, भाजपा अब अपने बांग्ला-विरोधी एजेंडे को रणनीतिक और व्यवस्थित तरीके से देश के अन्य हिस्सों में फैला रही है। उन्होंने कहा कि गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और मध्य प्रदेश से लगातार परेशान करने वाली खबरें सामने आई हैं, जहां बंगाली भाषी लोगों को लक्षित उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है और अब, यह शत्रुता का पैटर्न राष्ट्रीय राजधानी तक पहुंच गया है।

**Declaration**

I, RADHESHYAM YADAV, S/o Late Lalji Yadav, Declares through affidavit from 1st Class Judicial Magistrate, 4th Court, Barrackpore vide dated 06.06.2025 that My Son YUVRAJ YADAV actual and correct date of birth is 23.02.2016 which is recorded in his Aadhaar Card and also in his Birth Certificate. But inadvertently in his School Record (Kendriya Vidyalaya No. 1 Ishapore, North 24 Parganas, in Class- IV, Section-C, Roll No. 42), his date of birth is wrongly mentioned as 23.02.2015. henceforth, his date of birth is to be read and used as 23.02.2016, which is true & correct.

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. एसडीएसटीई-टीटीआर-टीडब्ल्यूएस-एएसटीई-बीडब्ल्यूएन-25, दिनांक: 08.07.2025, मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. एसडीएसटीई-टीटीआर-टीडब्ल्यूएस-एएसटीई-बीडब्ल्यूएन-25 के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम: अनुसूची-ए-पीडब्ल्यूपी 31064-टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)-50 सेट (60 केजी 1 इन 12) के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। अनुसूची-बी-टीएसआर पी 31.932 टीकेएम बाली-शक्तिगढ़ के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। अनुसूची-सी-टीएसआर पी 10.871 टीकेएम बर्द्धमान-खाना डाउन 1, शक्तिगढ़-बर्द्धमान अप कॉर्ड के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। निविदा का प्रकार: खुली। विज्ञापित मूल्य: रु. 2,29,11,756.09, बयाना राशि/बोली प्रतिभूति: रु. 2,64,600/-, निविदा कागजात का मूल्य: रु.0.00, बोली प्रणाली: एकल पैकेट। बोली प्रारंभ होने की तिथि: 18.07.2025, प्रस्ताव की वैधता : 60 दिन। समापन अवधि: 12 माह। निविदा अपलोड करने की तिथि और समय: 08.07.2025, 18.00 बजे। निविदा की अंतिम तिथि और समय: 01.08.2025, 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।
HWH-183/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने सीलबंद लिफाफे में जांच रिपोर्ट न्यायालय को सौंपी

## पीड़िता के वकील ने अदालत में कहा... 'पुलिस की जांच से संतुष्ट'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने एक लॉ कॉलेज की छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कोलकाता पुलिस द्वारा की गई जांच पर गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष प्रगति रिपोर्ट पेश की। मामले में अदालत ने पुलिस की 'केस डायरी' पर भी गौर किया। इस मामले में जांच की प्रगति रिपोर्ट एक सीलबंद लिफाफे में पेश की गई। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को मामले की जांच में आगे की प्रगति पर चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अदालत ने निर्देश दिया कि मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। न्यायमूर्ति स्मिता



दास दे भी इस खंडपीठ में शामिल हैं। खंडपीठ ने रिपोर्ट की एक प्रति छात्रा के परिवार के अधिवक्ता को देने और उन्हें इस रिपोर्ट के तथ्यों को उजागर नहीं करने के निर्देश दिए। बता दें कि पीठ ने तीन जुलाई को राज्य सरकार को 'साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' में सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच की प्रगति पर हलफनामे के रूप में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने राज्य को जांच की केस डायरी भी पेश करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि कॉलेज परिसर में छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में तीन जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं। खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह कानून की छात्रा से जुड़ी इस 'भयावह घटना' के संबंध में याचिकाकर्ताओं में से एक द्वारा उठाए गए कुछ प्रश्नों पर सुनवाई की अगली तारीख पर एक रिपोर्ट के रूप में जवाब दें। राज्य से यह पूछा गया कि कैसे एक पूर्व छात्र को प्रवेश नियंत्रण प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए आधिकारिक समय के बाद कॉलेज परिसर में प्रवेश की अनुमति दी गई और कैसे स्टाफ के सदस्य बिना किसी आधिकारिक उद्देश्य या प्रशासनिक पर्यवेक्षण के कॉलेज के कामकाजी समय के बाद भी परिसर में मौजूद रहे। अन्य एक याचिकाकर्ता ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को कथित सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता द्वारा शिकायत की गई घटनाओं की 'प्रारंभिक जांच' करने और अदालत के समक्ष अंतरिम रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। यह दावा करते हुए कि मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा राज्य में सत्तारूढ़ राजनीतिक दल से संबद्ध हैं, याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका में अनुरोध किया कि कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले की निष्पक्ष जांच के लिए मामला कोलकाता पुलिस से सीबीआई को हस्तांतरित की जाए।

# बंगाल-झारखंड के विवादों पर हुई सकारात्मक चर्चा : चंद्रिमा भट्टाचार्य

## 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैंठक में ममता की जगह वित्त मंत्री ने लिया भाग

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की वित्त राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने रांची में आयोजित 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में बोलते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों को आपस में समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आगे कहा कि इसका उद्देश्य लंबे समय से लंबित अंतर्राज्यीय मुद्दों को आपसी सहयोग से सुलझाना है। मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने जानकारी दी कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच चल रहे विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई है। बैठक में मयूराक्षी नदी पर बने मसांजोर डैम को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। दोनों राज्यों के बीच इस मसले को लेकर लंबे समय से विवाद रहा है, लेकिन भट्टाचार्य के अनुसार, इस बार बातचीत रचनात्मक रही। इसके



अलावा, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश की सीमा पर फेंसिंग (बाड़बंदी) को लेकर भी अहम चर्चा हुई। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार इस मुद्दे को लेकर बेहद गंभीर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संबंधित एजेंसियों को आवश्यक निर्देश भी दिए हैं। भट्टाचार्य ने यह भी बताया कि बांग्लादेश के साथ पश्चिम बंगाल की सीमा काफी लंबी है, इसलिए फेंसिंग का कार्य रणनीतिक रुप से महत्वपूर्ण है और इसे चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक के अंत में यह भी तय किया गया कि पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की अगली बैठक ओडिशा के पुरी में आयोजित की जाएगी, जिसके बाद इसे पश्चिम बंगाल में आयोजित किया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

सं. सीओएम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2025 दिनांक 08.07.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 03 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से देखें। कैटलॉग सं.: पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-जुलाई-5, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय: 23.07.2025 को 15.00 बजे। (1) लॉट सं.: पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एडीएसटी-टीडब्ल्यू-266-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), स्टेशन का नाम: आदिसप्तग्राम। (2) लॉट सं.:पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-सीएनएस-टीडब्ल्यू-185-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), स्टेशन का नाम: चुचुड़ा। (3) लॉट सं.:पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-टीडब्ल्यू-31-24-2 (पार्किंग-टू व्हीलर), स्टेशन का नाम: बैण्डेल। (4) लॉट सं.:पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-सीडब्ल्यूएलई-टीडब्ल्यू-273-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), स्टेशन का नाम: चौरीगाछा। (5) लॉट सं.:पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एएमबीजी-टीडब्ल्यू-180-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), स्टेशन का नाम: आरामबाग।
HWH-184/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### सीरियल में मौका दिलाने के नाम पर नाबालिग का न्यूड फोटोशूट, ट्रांसजेंडर समेत दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेताजीनगर थाना इलाके में सीरियल में मौका दिलाने के नाम पर नाबालिग का यौन शोषण, नग्न तस्वीरें लेने, वीडियोग्राफी करने और गलत तरीके से छूने के आरोप में एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया, जहां दोनों को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता हावड़ा की निवासी है। कुछ लोगों ने उसे सीरियल में मौका देने का लालच देकर उसकी नग्न तस्वीरें और वीडियो ले लिए। उन्होंने उसे गलत तरीके से भी छुआ। उन्होंने उसके साथ 2022 से 2024 तक ऐसा किया। जांच और गुप्त सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद नेताजीनगर थाने की पुलिस ने पल्लीश्री स्थित एक आवास से नेहा अंसारी और सइदुल इस्लाम नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें से नेहा ट्रांसजेंडर बताई जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इसके अलावा, भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार लोगों को अदालत में पेश किया। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने गिरफ्तार लोगों को 14 तारीख तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# एएसआई पर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप, शिकायत दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक पुलिस कर्मी पर वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप लगा है। दावा है कि सिंथी थाने में कांस्टेबल की नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की गई है। हालांकि, पुलिस अधिकारी ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया है। पता चला है कि सिंथी थाने के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) अर्जुन साहा पर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगा है। उनके खिलाफ बांकुड़ा के बिष्णुपुर



थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोप है कि कांस्टेबल के पद पर कार्यरत रहते हुए उन्होंने अपने भतीजे को प्राथमिक शिक्षक के पद पर नियुक्त कराने के नाम पर 12 लाख रुपये लिए थे। लेकिन, पैसे लेने के बाद भी नौकरी नहीं लगी। इतना ही नहीं, एक अन्य घटना में उन पर सिंचाई विभाग में अपने एक परिचित को नौकरी दिलाने का वादा करके पैसे ऐंठने का भी आरोप लगा है। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसे राज्य के एक सरकारी कार्यालय में ले जाया गया और झूठे वादे करके कुछ दिनों के लिए 22,000 रुपये का वजीफा दिया गया, ताकि नौकरी 'असली' लगे। लेकिन, बाद में, नौकरी नहीं लगी। शिकायतकर्ता का दावा है कि उस वजीफे के प्रावधान के पीछे भी एक साज़िश थी। बिष्णुपुर थाने में दर्ज एक लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि आरोपी एएसआई सभी आरोपों से इनकार कर रहा है। इधर, पुलिस में पदस्थ एक व्यक्ति पर इतने गंभीर आरोप लगने से पूरे मामले में सनसनी फैल गई है।

**पूर्व रेलवे**

संक्षिप्त निविदा सूचना सं. ईएल-एएसएन-सीओएन-टीआरएल-173-2025-I-एनआईटी। निविदा सं. ईएल-एएसएन-सीओएन-टीआरएल-173-2025-I, दिनांक 08.07.2025, उप मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा पर्याप्त अनुभवी एवं यथा वित्तीय सम्पन्न विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्म आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम: "पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में सीतारामपुर (6.695 किमी) में बाइ-पास लाइन के निर्माण के संबंध में 220 केवी कल्याणेश्वरी-बर्नपुर लाइन (एल#229) और 220 केवी एमटीपीएस-बर्नपुर लाइन (एल#232), 220 केवी डी/सी कल्याणेश्वरी-एमटीपीएस लाइन (एल#239 और 240) एवं 220 केवी डी/सी आरटीपीएस-कल्याणेश्वरी लाइन (एल#263 एवं 264) के मार्ग परिवर्तन एवं ऊँचाई बढ़ाने के लिए ट्रांसमिशन लाइन की डिजाइन, ड्रॉइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं चालू करना"। निविदा मूल्य : रु.22,47,95,587.46, निविदा कागजात का मूल्य : शून्य। बयाना राशि : रु.12,74,000/-, समापन अवधि : 06 (छह) माह। अंतिम तिथि और समय: दिनांक 30.07.2025 को 15.00 बजे। इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित निविदा की अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले ऊपर उल्लिखित "निविदा कागजात की लागत" एवं "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद www.ireps.gov.in से निविदा कागजात डाउनलोड किया जा सकता है एवं बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से संपूर्ण निविदा एवं ऊपर वर्णित सभी कागजात www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने चाहिए। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण (यदि कोई है) एवं अन्य बुनियादी जानकारी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य बिजली इंजीनियर/निर्माण/ एएसएन, पश्चिम बर्द्धमान, आसनसोल-713301 के सूचना पट में भी देखी जा सकती है।
CON-24/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**तारकेश्वर में श्रावणी मेला के दौरान अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनें**

**तारकेश्वर में श्रावणी मेला** के दौरान तीर्थयात्रियों की अपेक्षित भारी भीड़ को संभालने के लिए, इस खंड में पूर्व में अधिसूचित ईएमयू स्पेशल ट्रेनों के साथ मौजूदा सेवाओं के अलावा, तारकेश्वर और सेवड़ाफुली के बीच **और** 04 (चार) जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेनें एवं हावड़ा और तारकेश्वर के बीच 01 (एक) जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेनें सभी रविवार, सोमवार और अन्य त्योहार के दिनों अर्थात 13.07.2025 (रविवार), 14.07.2025 (सोमवार), 20.07.2025 (रविवार), 21.07.2025 (सोमवार), 27.07.2025 (रविवार), 28.07.2025 (सोमवार), 29.07.2025 (मंगलवार/नाग पंचमी), 03.08.2025 (रविवार), 04.08.2025 (सोमवार), 09.08.2025 (शनिवार/झूलन यात्रा), 10.08.2025 (रविवार), 11.08.2025 (सोमवार), 15.08.2025 (शुक्रवार/स्वतंत्रता दिवस), 16.08.2025 (शनिवार/जन्माष्टमी), 17.08.2025 (रविवार) एवं 18.08.2025 (सोमवार) को निम्नलिखित समयसूची के अनुसार, मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकते हुए चलेंगी:

अतिरिक्त तारकेश्वर – सेवड़ाफुली – तारकेश्वर ईएमयू स्पेशल (चार जोड़ी)

| 1 अतिरिक्त डाउन स्पेशल | | स्टेशन | अतिरिक्त अप स्पेशल | |
|---|---|---|---|---|
| 01.00 | प्र. | ↓ तारकेश्वर | आ. | 02.50 |
| 01.50 | आ. | सेवड़ाफुली ↑ | प्र. | 02.00 |
| **2 अतिरिक्त डाउन स्पेशल** | | **स्टेशन** | **अतिरिक्त अप स्पेशल** | |
| 03.10 | प्र. | ↓ तारकेश्वर | आ. | 05.00 |
| 04.00 | आ. | सेवड़ाफुली ↑ | प्र. | 04.10 |
| **3 अतिरिक्त डाउन स्पेशल** | | **स्टेशन** | **अतिरिक्त अप स्पेशल** | |
| 12.20 | प्र. | ↓ तारकेश्वर | आ. | 16.05 |
| 13.10 | आ. | सेवड़ाफुली ↑ | प्र. | 15.15 |
| **4 अतिरिक्त डाउन स्पेशल** | | **स्टेशन** | **अतिरिक्त अप स्पेशल** | |
| 17.30 | प्र. | ↓ तारकेश्वर | आ. | 19.20 |
| 18.20 | आ. | सेवड़ाफुली ↑ | प्र. | 18.30 |

अतिरिक्त हावड़ा – तारकेश्वर – हावड़ा ईएमयू स्पेशल (एक जोड़ी)

| अतिरिक्त अप स्पेशल | | स्टेशन | अतिरिक्त डाउन स्पेशल | |
|---|---|---|---|---|
| 21.35 | प्र. | ↓ हावड़ा | आ. | 03.15 |
| 22.13/22.15 | आ./प्र. | सेवड़ाफुली | आ./प्र. | 02.35/02.37 |
| 23.05 | आ. | तारकेश्वर ↑ | प्र. | 01.45 |

**विशेष व्यवस्था:** 63501 हावड़ा-बर्द्धमान एमईएमयू लोकल ट्रेन श्रावणी मेला अवधि के दौरान, ऊपर निर्धारित तिथियों को सेवड़ाफुली और बैण्डेल के बीच सभी स्टेशनों पर रुकेगी।
यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें।
मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सरकारी खर्च पर लगाम, नए दिशानिर्देशों में वित्तीय स्वीकृति-सीमा में कटौती

## पांच नहीं अब तीन करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव बस कुछ ही महीने दूर हैं, ऐसे में ममता सरकार ने सरकारी खर्च पर लगाम कस दी है। राज्य सरकार ने सोमवार को इस संबंध में एक दिशानिर्देश जारी किया है। इसमें 2023 के दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया है और स्पष्ट किया गया है कि किन विभागों के सचिव और प्रमुख सचिव संबंधित विभागों की परियोजनाओं के लिए अधिकतम कितनी धनराशि स्वीकृत कर सकते हैं। राज्य सचिवालय नवान्न से जारी नए दिशानिर्देशों में कहा गया है कि लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर निगम एवं नगरीय विकास जैसे विभाग तीन करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को मंजूरी दे सकते हैं।



चाहे वह कोई नई परियोजना हो या किसी चालू परियोजना का अगला चरण, सभी मामलों में तीन करोड़ रुपये की 'ऊपरी सीमा' लागू रहेगी। 2023 के दिशानिर्देशों के अनुसार, यह सीमा पांच करोड़ रुपये थी। यानी इन विभागों के लिए एक बार में व्यय स्वीकृति की ऊपरी सीमा में दो करोड़ रुपये की कटौती की गई है।

**❑ राजकोष पर बढ़े दबाव के बाद लिया गया है फैसला**

इसी तरह, उत्तर बंगाल विकास, सुंदरवन विकास और पश्चिमी क्षेत्र विकास विभागों के कार्यों की ऊपरी सीमा एक करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। दो साल पहले के दिशानिर्देशों में यह तीन करोड़ रुपये था। इस मामले में भी व्यय की मंजूरी की ऊपरी सीमा दो करोड़ घटा दी गई है। आवास, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), सूचना और संस्कृति विभागों के मामले में ऊपरी सीमा 75 लाख रुपये निर्धारित की गई है। नवान्न ने शेष विभागों के लिए 50 लाख रुपये की ऊपरी सीमा तय की है। वित्त सचिव प्रभात कुमार मिश्रा द्वारा हस्ताक्षरित दिशानिर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सभी मामलों में संबंधित विभाग के सलाहकार की मुहर आवश्यक होगी। यह दिशानिर्देश क्यों? एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कई विभाग सरकारी कोष के बारे में सोचे बिना ही खर्च कर रहे हैं। जो कार्य पर खर्च हो रहा है उसकी ठीक से समीक्षा नहीं की जा रही है। सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद यह फैसला लिया गया है।

# सरकारी नौकरियों के लिए पुलिस सत्यापन प्रक्रिया 30 दिनों के भीतर पूरी करनी होगी

**❑ राज्य सरकार ने जारी किया निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार के विभागों में सरकारी नौकरियों के लिए पुलिस सत्यापन प्रक्रिया एक माह में पूरी करनी होगी। अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पहले 30 दिनों के भीतर ही स्वास्थ्य जांच भी करवानी होगी। राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में प्रत्येक विभाग को दिशानिर्देश भेजे गए हैं। पुलिस सत्यापन प्रक्रिया और मेडिकल रिपोर्ट में देरी के कारण, कुछ मामलों में अभ्यर्थियों की नियुक्ति में देरी हो रही है। राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों को संज्ञान में यह मामला संज्ञान में आते ही कार्रवाई की गई है। राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने प्रत्येक विभाग के सचिवों को पत्र भेजकर सूचित किया है कि पुलिस सत्यापन या मेडिकल रिपोर्ट एक निश्चित समय सीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिए। दोनों ही मामलों में, प्रक्रिया 30 दिनों के भीतर पूरी होनी चाहिए। यदि किसी भी स्थिति में, पुलिस सत्यापन प्रक्रिया के लिए भौतिक सत्यापन आवश्यक है, तो उसे भी 30 दिनों के भीतर ही पूरा करना होगा। राज्य सचिवालय नवान्न द्वारा विभागों को सूचित किया गया है कि पश्चिम बंगाल लोक सेवा आयोग (डब्ल्यूबीपीएससी) या संबंधित भर्ती प्राधिकरण से अनुशंसा पत्र प्राप्त होते ही नौकरी चाहने वालों को सूचित किया जाना चाहिए। नौकरी चाहने वालों को वेबसाइट पर एक अधिसूचना और ईमेल के माध्यम से मामले की जानकारी दी जानी चाहिए। नौकरी चाहने वालों को पुलिस सत्यापन प्रक्रिया और मेडिकल रिपोर्ट सहित अगले चरणों के बारे में भी सूचित करना होगा। इनके पूरा होने के बाद, संबंधित नौकरी चाहने वालों को आन-द-जाब प्रशिक्षण के लिए विशिष्ट 'प्रशिक्षण अकादमी' या कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश देना होगा। मुख्य सचिव ने कहा है कि यदि वे इस समय सीमा के भीतर काम करने में सक्षम नहीं हैं, तो संबंधित अधिकारी पहले प्रभारी अधिकारी को चेतावनी देंगे। मुख्य सचिव ने यह भी आदेश दिया है कि बिना किसी कारण के बार-बार देरी होने पर अनुशासन भंग करने के आरोप में ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# अन्य राज्यों में बंगाली प्रवासी श्रमिकों से कथित उत्पीड़न पर हाई कोर्ट सख्त

**❑ मुख्य सचिव को तुरंत कार्रवाई के निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पिछले कुछ महीनों से बंगाल के प्रवासी श्रमिकों के साथ अन्य राज्यों में लगातार हिंसा और शोषण के आरोप सामने आ रहे हैं। कहीं मारपीट, कहीं पहचान पत्र छीनने की घटनाएं, तो कहीं मजदूरी हड़पने जैसे मामलों को लेकर पीड़ितों ने स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता की भी शिकायत की है। अब इस मुद्दे पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती की खंडपीठ ने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को निर्देश दिया है कि वे सचिव स्तर से नीचे के नहीं, बल्कि वरिष्ठ अधिकारी की तत्काल नियुक्ति करें, जो ओडिशा सरकार के साथ समन्वय कर प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि इस मामले में अब देरी नहीं चल सकती। मामले की अगली सुनवाई आगामी सोमवार को होगी। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही इस विषय पर सार्वजनिक चिंता जता चुकी हैं। उन्होंने भाजपा शासित राज्यों – ओडिशा, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में बंगाली श्रमिकों पर हो रहे हमलों को लेकर चेतावनी भरे स्वर में कहा था कि हमारे यहां भी डेढ़ करोड़ प्रवासी श्रमिक काम करते हैं, जो अलग-अलग राज्य और धर्म से आते हैं। हम उन पर कोई हमला नहीं करते। लेकिन अगर आपके राज्यों में हमारे लोगों के साथ हिंसा होगी, तो उसकी ज़िम्मेदारी हम नहीं ले पाएंगे।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# कोलकाता मेट्रो की पर्पल लाइन पर टनल बोरिंग का कार्य खिदिरपुर से शुरू

## मई 2026 तक विक्टोरिया तक पहुंचने का लक्ष्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो की पर्पल लाइन परियोजना ने गुरुवार को एक नया अध्याय शुरू किया, जब खिदिरपुर से विक्टोरिया तक की सुरंग निर्माण प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ। इस कार्य का उद्घाटन मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने खिदिरपुर स्थित सेंट थॉमस स्कूल परिसर में एक बटन दबाकर किया। इस अवसर पर नेपाल के महावाणिज्यदूत, रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल), मेट्रो रेलवे, रक्षा प्राधिकरण, सीएमआरआई अस्पताल, पश्चिम बंगाल परिवहन निगम (डबल्यूबीटीसी) और सेंट थॉमस स्कूल के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।



महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने इस अवसर को कोलकाता के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि टनल बोरिंग मशीन के शुरू होने से यह दिन मेट्रो नेटवर्क के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, यह कोलकाता वासियों के लिए अत्यंत गौरव और आनंद का क्षण है। 'दुर्गा' नामक टनल बोरिंग मशीन ने विक्टोरिया की दिशा में खुदाई का कार्य प्रारंभ किया, जिसे वर्ष 2026 के अंत तक पार्क स्ट्रीट तक पूर्ण करने की योजना है। इस कार्य के लिए सेंट थॉमस स्कूल परिसर के अंदर 37 मीटर लंबा, 22 मीटर चौड़ा और 17 मीटर गहरा लॉन्चिंग शाफ्ट तैयार किया गया है। 6.63 मीटर बाहरी व्यास वाली इस टीबीएम को चेन्नई में असेंबल कर मार्च 2025 में कोलकाता लाया गया था। खिदिरपुर से पार्क स्ट्रीट तक दोहरी सुरंग के निर्माण हेतु दो टनल बोरिंग मशीनें - 'दुर्गा' और 'दिव्या' कार्यरत हैं। पार्क स्ट्रीट के आगे का कार्य पारंपरिक कट एंड कवर तकनीक से किया जाएगा। कोलकाता की नरम मिट्टी और ऊंचे जलस्तर को ध्यान में रखते हुए अर्थ प्रेशर बैलेंसिंग (ईपीबी) तकनीक से युक्त टीबीएम का प्रयोग किया जा रहा है।

लगभग 95 मीटर लंबी और 600 टन वजनी ये टीबीएम मशीनें इनफ्लेटेबल सील, प्रेशर ट्रांसड्यूसर, टेल स्किन ग्रीस लाइन और बैकअप ग्रीस पंप जैसी सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित हैं। सुरंग निर्माण में एम50 ग्रेड की 275 मिमी मोटी प्रीकास्ट कंक्रीट सेगमेंट्स का उपयोग किया जा रहा है, जिससे 5.80 मीटर व्यास की तैयार सुरंग प्राप्त होगी। पहले चरण में दुर्गा टीबीएम खिदिरपुर से विक्टोरिया तक लगभग 1.70 किमी लंबी सुरंग खोदेगी और इसके मई 2026 तक विक्टोरिया स्टेशन पर पहुंचने की संभावना है।




# हावड़ा स्टेशन पर 223 बोतल विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के आरपीएफ ने राष्ट्रव्यापी अभियान ऑपरेशन सतर्क के अंतर्गत अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई तेज करते हुए हावड़ा रेलवे स्टेशन पर बड़ी सफलता हासिल की है। 09 जुलाई को प्राप्त विशेष खुफिया सूचना के आधार पर, हावड़ा उत्तर पोस्ट और क्राइम इंटेलिजेंस ब्रांच (सीआईबी), हावड़ा के आरपीएफ अधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्टेशन परिसर में एक टारगेटेड ऑपरेशन चलाया। इस अभियान के दौरान तीन व्यक्तियों को 223 बोतल विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 27,600/- आंकी गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहे, जिसके बाद उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया गया। जब्त शराब और आरोपियों को हावड़ा जीआरपीएस को सौंप दिया गया, जहां उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### प्राइम डे पर अमेज़न फैशन और ब्यूटी में भारी छूट, नए स्टाइल और लॉन्च से खरीदारी बनी खास

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेज़न इंडिया का प्राइम डे 12 से 14 जुलाई तक फैशन और ब्यूटी के खास ऑफर्स के साथ लौट आया है। इस दौरान पुरुषों और महिलाओं के फैशन पर 50% से 80% तक और ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर 70% तक की छूट मिल रही है। ग्राहक कैरटलेन, टाइटन रागा, लैवी सिग्नेचर, सफारी एक्स बोट जैसे ब्रांड्स के नए स्टाइल्स, स्मार्ट लगेज, गोल्ड-ज्वेलरी और ब्यूटी लॉन्च का फायदा उठा सकते हैं। खास मॉनसून स्टोर में भी 60% तक की छूट मिलेगी। सफारी एक्स बोट ट्रैकर लगेज इस बार का प्रमुख लॉन्च है, जिसमें स्मार्ट ट्रैकिंग टेक्नोलॉजी है। वहीं शाम 8 बजे से रात 12 बजे तक लिमिटेड टाइम ऑफर में मिलेंगी बेस्ट डील्स। प्राइम मेंबर्स को अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड पर 5% कैशबैक और अन्य ऑफर्स का भी लाभ मिलेगा।

### अमेजन प्राइम डे पर इलेक्ट्रॉनिक्स पर लॉन्च हुआ 'रिवॉर्ड्स गोल्ड'

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेज़न का प्राइम डे सेल 12 से 14 जुलाई तक चलेगा, जिसमें एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, सोनी, जेबीएल जैसे ब्रांड्स पर जबरदस्त छूट मिलेगी। सैमसंग एस24 अल्ट्रा 74,999 और आईफोन 15 57,999 में उपलब्ध है। लेनोवो लैपटॉप 61,990 और सैमसंग टैब एस9 एफई 23,249 में मिल रहा है। अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड पर 5% डिस्काउंट, यूपीआई से खरीद पर 100 कैशबैक और पे लेटर पर 60,000 तक इंस्टेंट क्रेडिट मिलेगा। इसी के साथ अमेजन पे ने 'रिवॉर्ड्स गोल्ड' लॉन्च किया है, जिसमें 25 लेनदेन पूरे करने पर हर खरीदारी पर 5% तक का कैशबैक मिलेगा।

## मोबाइल चोरी के शक में युवक की पीटकर हत्या मामले में सिविक वॉलंटियर समेत छह गिरफ्तार

**पुरुलिया :** मोबाइल चोर होने के संदेह में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या के आरोप में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया ज़िले में एक सिविक वॉलंटियर सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार रात पूछताछ के बाद सभी आरोपितों को हिरासत में लेकर गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार सिविक वॉलंटियर की पहचान मलय कुमार पुईतंडी के रूप में हुई है, जो पुरुलिया के टामना थाने में तैनात था। मृतक की पहचान तापस महापात्र के रूप में हुई है। आरोप है कि मलय कुमार और पांच अन्य लोगों ने सोमवार शाम करीब पांच बजे तापस को उसके घर से खींचकर बाहर निकाला और बुरी तरह पीटा। बाद में उसे एक मोटरसाइकिल पर जबरन बैठाकर कहीं ले जाया गया। तापस की मां भादु महापात्र ने पुलिस को बताया कि उस दिन तीन हमलावर उनके गांव चाकलतोड़ से थे, जबकि तीन अन्य की पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि सात जुलाई को मेरा बेटा घर पर था, तभी छह लोग घर में घुसे और उसे मारते हुए बाहर ले गए। इसके बाद दो अज्ञात लोग उसे मोटरसाइकिल पर कहीं लेकर चले गए। हम कुछ समझ पाते, उससे पहले ही वह खून से लथपथ हालत में कहीं चला गया। परिजनों को अगले दिन मंगलवार को पता चला कि तापस पुरुलिया के देबेन महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती है। जब वे रात को अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि तापस की मौत हो चुकी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सिविक वॉलंटियर समेत छह लोगों को हिरासत में लिया और लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## जेआईएस एजुकेशन एक्सपो 2025: सिलीगुड़ी संस्करण ने शिक्षा और प्रेरणा की विरासत को आगे बढ़ाया

**सिलीगुड़ी :** जेआईएस एजुकेशनल इनिशिएटिव्स द्वारा आयोजित जेआईएस एजुकेशन एक्सपो 2025 का सिलीगुड़ी संस्करण दिनबंधु मंच में एक दिवसीय शैक्षणिक महोत्सव के रूप में संपन्न हुआ। इस आयोजन में सिलीगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, रायगंज सहित उत्तर बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों के स्कूलों, छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेता अभिर चटर्जी और जेआईएस ग्रुप के डिप्टी डायरेक्टर, बिजनेस डेवलपमेंट बिद्युत मजूमदार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मेगा इवेंट में जेआईएस के विभिन्न संस्थानों द्वारा लगाए गए इंटरएक्टिव स्टॉल्स में डिप्लोमा, अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट और डॉक्टोरल स्तर के पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। एक खास सत्र में अलीपुरद्वार, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और रायगंज के कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेआईएस ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सरदार तरनजीत सिंह ने कहा, जेआईएस एजुकेशन एक्सपो 2025 हमारी उस सोच को दर्शाता है, जिसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को हर क्षेत्र तक पहुंचाना और छात्रों को सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना प्राथमिकता है। कोलकाता और दुर्गापुर की तरह ही सिलीगुड़ी से भी हमें बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है, जो हमारे लिए बेहद प्रेरणादायक है।



## आचार्य श्री भिक्षु त्रिशताब्दी वर्ष: 268वां बोधि दिवस एवं सुदी तेरस पर धम्म जागरणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा द्वारा महामना आचार्य श्री भिक्षु के त्रिशताब्दी वर्ष - 268वें बोधि दिवस एवं सुदी तेरस के उपलक्ष्य पर भजन संध्या का आयोजन गंगेज गार्डन तेरापंथी चेरिटेबल ट्रस्ट में हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ हुआ, तत्पश्चात सभी ने ॐ भिक्षु जय भिक्षु जाप किया। सभा अध्यक्ष लक्ष्मीपत बाफना, तेयुप अध्यक्ष आदेश चौरड़िया ने महामना भिक्षु को स्मरण करते हुए उपस्थित सभी का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर सभा, महिला मंडल, टी पी फ, कन्या मंडल, तेरापंथ मंडल, अर्हम मंडल सहित श्रावक समाज ने आचार्य भिक्षु के प्रति अपनी अभिव्यक्ति सुमधुर भजनों के माध्यम से दी एवं सभी ने मधुर स्वर से भक्ति संध्या को रस में रंग दिया और संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। इस अवसर पर साउथ हावड़ा सभा के न्यासी संजय नाहटा, सभा मंत्री बसंत पटवारी, तेयुप उपाध्यक्ष विक्रम भंडारी ने भिक्षु स्वामी के प्रति अपने भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रबंधन समिति, कार्यसमिति, युवा साथी, किशोर मंडल सदस्य सहित श्रावक समाज की अच्छी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंत्री अमित बेगवानी ने किया एवं उपस्थित सभी का आभार संयोजक अमित चौरड़िया ने किया। यह आयोजन त्रिशताब्दी वर्ष की गरिमा के अनुरूप भक्ति, भावना और समर्पण से परिपूर्ण रहा।



## मालदह मंडल ने स्वच्छता नियम तोड़ने पर यात्रियों से 1.81 लाख का जुर्माना वसूला

**मालदह :** मालदह मंडल ने रेलवे परिसर और ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए जून 2025 में सख्त कदम उठाए हैं। आरपीएफ द्वारा चलाए गए सघन अभियान के तहत कुल 904 यात्रियों पर कार्रवाई करते हुए 1,81,700/- का जुर्माना वसूला गया। इनमें से 770 लोगों को रेल परिसर में कचरा फैलाने के लिए जबकि 134 लोगों को धूम्रपान करते पकड़ा गया। यह कार्रवाई मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व और मंडल सुरक्षा आयुक्त ए. के. कुल्लू की देखरेख में की गई, जिसमें स्वच्छ भारत अभियान के तहत चल रहे स्वच्छता जागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया। मालदह मंडल लगातार रेल यात्रियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने हेतु विभिन्न स्तरों पर सफाई अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। इस पहल का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि यात्रियों में जिम्मेदारी और नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजगता उत्पन्न करना है। मालदह मंडल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेल परिसरों और ट्रेनों में गंदगी न फैलाएं, धूम्रपान से परहेज करें और रेलवे को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग दें।




### श्रावणी मेला के दौरान जसीडीह और आरा के बीच स्पेशल मेमू ट्रेन चलेगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने जसीडीह और आरा के बीच श्रावणी मेला मेमू स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन मेला अवधि में यात्रियों की अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त क्षमता और सुविधा प्रदान करेगी। 03270 आरा - जसीडीह श्रावणी मेला मेमू स्पेशल ट्रेन हर रविवार को 13 जुलाई 2025 से 10 अगस्त 2025 तक कुल पांच बार चलेगी। यह ट्रेन आरा से रात्रि 00:15 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन जसीडीह 12:10 बजे पहुंचेगी। वहीं, 03269 जसीडीह - आरा श्रावणी मेला मेमू स्पेशल ट्रेन हर रविवार को जसीडीह से दोपहर 12:30 बजे रवाना होगी और रात 11:45 बजे आरा पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन जसीडीह से कीउल के बीच पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाले सभी स्टेशनों पर रुकावट करेगी, जिससे यात्रियों को आरामदायक और सुगम यात्रा का अनुभव मिलेगा।

### स्क्रीन अकैडमी लॉन्च: उभरती फिल्म प्रतिभाओं के लिए नया मंच

**मुंबई/कोलकाता :** इंडियन एक्सप्रेस समूह और स्क्रीन ने स्क्रीन अकैडमी की शुरुआत की, जो भारत के शीर्ष फिल्म संस्थानों के मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को सालाना स्नातकोत्तर फेलोशिप देगी। गुनीत मोंगा, पायल कपाड़िया, रेसुल पुकुट्टी, रॉनी स्क्रूवाला, सुभाष घई और अंजुम राजाबली इसके प्रमुख सदस्य हैं। लोढ़ा फाउंडेशन के सहयोग से शुरू हुई इस पहल का उद्देश्य शिक्षा, प्रतिनिधित्व और उद्योग से जुड़ाव के ज़रिए नई पीढ़ी को तराशना है। चयनित छात्रों को एफटीआईआई, एसआरएफटीआई और डब्ल्यूडब्ल्यूआई में पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता, मेंटरशिप और इंटर्नशिप मिलेगी। अनंत गोयनका और अभिषेक लोढ़ा ने इसे भारत की सॉफ्ट पावर बढ़ाने वाला कदम बताया। स्क्रीन अवॉर्ड्स की देखरेख भी अब यह अकैडमी करेगी।

### आईकू ने अमेजन प्राइम डे सेल के लिए एक्सक्लूसिव डील्स की घोषणा की

**नई दिल्ली/कोलकाता :** हाई-पर्फॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने अमेज़न प्राइम डे सेल के लिए प्राइम मेंबर्स के लिए खास ऑफर्स की घोषणा की है। यह सेल 12 जुलाई से 14 जुलाई तक लाइव रहेगी, जिसमें आईकू के टॉप-रेटेड स्मार्टफोन्स जैसे आईकू ज़ेड10 लाइट, आईकू ज़ेड10एक्स, आईकू ज़ेड10, आईकू नियो 10आर, आईकू नियो 10 और आईकू 13 पर शानदार डील्स उपलब्ध होंगी। हाल ही में लॉन्च हुआ आईकू 13 ऐस ग्रीन भी प्राइम डे से खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। आईकू ज़ेड10एक्स मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 5जी चिपसेट द्वारा संचालित है, जो लगातार और भरोसेमंद परफॉर्मेंस देता है, स्मूथ मल्टीटास्किंग, तेज ऐप लॉन्च और रिस्पॉन्सिव गेमिंग अनुभव सुनिश्चित करता है। यह 6500एमएएच बैटरी के साथ आता है जो लंबे समय तक परफॉर्मेंस प्रदान करता है। 44वॉट फ्लैशचार्ज सपोर्ट के साथ, यह डिवाइस केवल 40 मिनट में 1% से 50% तक चार्ज हो जाता है।

### वी-गार्ड ने लॉन्च की एयरविज़ सीरीज़: स्टाइलिश और एनर्जी-एफिशिएंट बीएलडीसी फैन

**कोलकाता, समाज्ञा :** वी-गार्ड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने अपने नए एयरविज़ सीरीज़ के बीएलडीसी सीलिंग फैन लॉन्च किए हैं। यह सीरीज़ चार मॉडल्स-एयरविज़ लाइट, प्राइम, प्लस और एन-में उपलब्ध है। 370 आर.पी.एम स्पीड, केवल 35 वॉट की खपत, डस्ट-रिपेलेंट कोटिंग, रिवर्स मोड और स्मार्ट रिमोट फीचर्स इसकी खासियत हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर मिथुन चित्तिलप्पिल्ली ने कहा, यह लॉन्च एनर्जी एफिशिएंट होम्स की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है। सीओओ रामचंद्रन वी ने कहा, एयरविज़ स्मार्ट डिज़ाइन और दमदार परफॉर्मेंस का मेल है। एयरविज़ लाइट में इन-बिल्ट लाइट और प्राइम में एलईडी इंडिकेटर है। स्टाइल, टिकाऊपन और परफॉर्मेंस को ध्यान में रखकर बनाए गए ये फैन अब पूरे भारत में उपलब्ध हैं।

### इंवेस्को म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया नया फंड ऑफ फंड

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंवेस्को म्यूचुअल फंड ने 'इंवेस्को इंडिया इनकम प्लस आर्बिट्राज एक्टिव फंड ऑफ फंड' लॉन्च किया है। यह एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड स्कीम है, जो सक्रिय रूप से प्रबंधित डेट-ओरिएंटेड स्कीम्स और इक्विटी आर्बिट्राज स्कीम्स में निवेश करेगी। इसका उद्देश्य टैक्स दक्षता, स्थिरता और परिचालन में आसानी के साथ आय उत्पन्न करना है। एनएफओ 2 जुलाई से 16 जुलाई 2025 तक खुला रहेगा। फंड के लॉन्च पर फिक्स्ड इनकम और फंड मैनेजर श्री विकास गर्ग ने कहा कि यह फंड रूढ़िवादी निवेशकों के लिए एक स्मार्ट विकल्प है जो कम जोखिम में टैक्स-कुशल रिटर्न चाहते हैं।

## सम्मानित होंगे लोहा पट्टी सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र प्रसाद गोयल

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र प्रसाद गोयल आगामी शनिवार को समिति के श्रावण मेला सेवा शिविर के उद्घाटन अवसर पर सम्मानित होंगे। अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी व सचिव गोविन्द रांदड़ ने बताया कि प्रत्येक साल समिति के एक वरिष्ठ सदस्य का चयन कर उन्हें उनके समर्पण भाव के लिए सम्मानित किया जाता है ताकि अन्य सदस्य भी उनसे प्रेरणा प्राप्त कर सके। उपसभापति मुरारी लाल डीडवानिया, दिनेश कुमार कालानी, उप सचिव विजय दारुका व राजीव कुमार सिंघी व कोषाध्यक्ष विकास नेवटिया ने बताया कि सिंगूर, जामीर बेड़िया स्थित विश्राम गृह में 12 जुलाई को शाम 5 बजे श्रावण मेला सेवा कार्य का विधिवत शुभारम्भ होगा। उद्घाटन कर्ता दयानंद अग्रवाल, प्रधान वक्ता राज्य के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना के साथ साथ समिति के विश्रामगृह में विभिन्न प्रकल्पों के नवनिर्माण में सहयोगी हरिनारायण बिहानी, पवन कुमार कनोई, मृगेंद्र सरावगी, शिव कुमार डिडवानिया, नथमल बिहानी आदि सम्मानित अतिथि के रुप में समारोह में मौजूद रहेंगे । मेला संयोजक सुशील अग्रवाल, सुरेश झुनझुनवाला, मेला सह संयोजक सोमनाथ कुमार, सचिन बेरीवाल व समन्वयक संजय जैन से मिली जानकारी के अनुसार समिति के श्रावण मेला शिविर में प्रत्येक शनिवार रविवार को कांवड़ियों के लिए निःशुल्क जलपान, भोजन, आवास एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था पूरे श्रावण माह के दौरान उपलब्ध रहेगी।



## अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन की ऐतिहासिक पहल: पुनर्विवाह को सामाजिक मान्यता

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन ने समाज में तलाकशुदा, विधवा और विधुर व्यक्तियों के पुनर्विवाह को बढ़ावा देने के लिए पुनर्मिलन नामक एक सामाजिक पहल की शुरुआत की। यह घोषणा सम्मेलन के अध्यक्ष व पूर्व विधायक दिनेश बजाज ने होटल स्टेडल में आयोजित समारोह में की। उन्होंने कहा कि समाज में अब समय के साथ सोच में बदलाव आया है, और जीवनसाथी की आवश्यकता को सामाजिक स्वीकृति दी जानी चाहिए। महासचिव पद्मश्री पोद्दार ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। सम्मेलन ने साथ ही व्यवसायिक सहयोग के लिए आईएमबीएन मंच की जानकारी दी, जिसका नेतृत्व प्रवीर अग्रवाल (मुख्य समन्वयक) और गरिमा पोद्दार (सह-समन्वयक) ने किया।

सम्मेलन की तीसरी प्रमुख पहल कानून साथी के तहत महिलाओं को कानूनी मदद दी जाएगी। इस योजना की जानकारी दीपक गुप्ता ने प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथियों में पश्चिम बंगाल सरकार की उद्योग मंत्री डॉ. शशि पांजा, चीन के कॉन्सुल जनरल सु वेई, नेपाल के कॉन्सुल जनरल झक्का प्रसाद आचार्य, और प्रसिद्ध स्नूकर खिलाड़ी सौरव कोठारी मौजूद थे। समारोह को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष संतोष सराफ, मारवाड़ी संस्कृति मंच के निरंजन अग्रवाल, बिमल बैंगानी, पवन पाटोदिया, जैन समाज के विशिष्ट भीकम चंद पुगलिया ने भी संबोधित किया। संजय बुधिया, सिद्धार्थ पंसारी, नारायण बजाज (काठमांडू), श्रद्धा अग्रवाल और ओमप्रकाश पोद्दार (सीएटल) ने वीडियो संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं दीं। नई टीम में उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद सराफ, सिद्धार्थ पंसारी, महासचिव प्रदीप ढेड़िया, सचिव सुशील तुलस्यान, राजित भूतोडिया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र रामपुरिया, अतुल बजाज, बोर्ड सदस्य मनीषा बजाज, इंदिरा सिंघानिया, और महिला शाखा की चेयरपर्सन अरुणा बंसल शामिल हैं।

समारोह में सिद्धार्थ सावनसुखा, सुधांशु सिंघानिया, कनक दुगड़, महावीर जैन, चंद्र कुमार बजाज, अशोक अग्रवाल, अनिल भरतिया, ओमप्रकाश तोदी, जितेन्द्र खेतान, रामावतार जोशी, पवन जैन, बनवारीलाल चौधरी, सुरेश सराफ, मनीष सिंघानिया, अनुपम नौपानी, राजेश खेतान, संजय अग्रवाल, प्रज्ञा झुनझुनवाला, राकेश पोद्दार, आलोक झुनझुनवाला, हरि सोनी, हर्षद भयानी, अमर भरतिया, बिनोद अग्रवाल, भरत बागला, प्रमोद रूंगटा, अगाम ज्वेलर्स के मोहित बेंगानी, राजेश भरतिया, और इंदर बजाज प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आनंद इवेंट्स ने किया एवं उपहार प्रायोजक 'अगाम' रहा। समापन राजस्थानी वेशभूषा प्रतियोगिता के साथ हुआ और धन्यवाद ज्ञापन महासचिव प्रदीप ढेड़िया ने दिया।




## हर घर में 'ममता का मंदिर' बन जाये, ऐसा संकल्प उठायें : पं. मालीराम शास्त्री

### गुरू पूर्णिमा पर गुरु पूजन-वंदन को उमड़े शिष्य व श्रद्धालू

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'मेरी यह कामना है कि हर घर में 'ममता का मंदिर' बन जाये और यह तभी संभव हो सकेगा जब हर संतान अपने माता-पिता और बुजुर्गों के प्रति अपने दायित्वों के पूर्ण सत्य निष्ठा के साथ निर्वहन को संकल्पबद्ध हो जाये।' ये उद्गार परम श्रद्धेय गुरुवर पं. श्री मालीराम जी शास्त्री ने आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर व्यक्त किये। भागवत जन-कल्याण ट्रस्ट की ओर से राजारहाट पाथेरघाटा में 15 वर्ष पूर्व अपनी ही संतानो द्वारा उपेक्षित, प्रताड़ित और निष्कासित माता-पिता-बुजुर्गों के स्नेहपूर्ण वातावरण में जीवन-यापन के उद्देश्य से संस्थापित 'ममता का मंदिर' की 15 वीं वर्षगांठ पर इसके निर्माण में सहभागी सभी को साधुवाद देते हुए श्रद्धेय मालीराम जी शास्त्री ने कहा कि जिन माता-पिता की बदौलत हम इस संसार में आये, जिन्होंने अपना सर्वस्व देकर हमें काबिल बनाया अगर उनके लिए ही हमारे मन में सम्मान नहीं है तो फिर बाकी किसी के प्रति तो यह संभव ही नहीं है चाहे वो गुरु ही क्यों न हो। उन्होंने हमेशा की भांति स्पष्ट शब्दों में चेताया कि अगर आप अपनी संतानों के हाथों प्रताड़ित-अपमानित-बहिष्कृत नहीं होना चाहते तो अब भी समय है, संभल जाओ क्योंकि जिस तरह बबूल बो कर आम की चाहत बेमानी है, उसी तरह अपने माता-पिता को प्रताड़ित कर अपने बच्चों से सेवा-सम्मान कभी नहीं मिल सकता। पं. शास्त्री ने बच्चों में अपने धर्म-संस्कृति-सेवाभाव के संस्कार से परिपूर्ण करने का भी आह्वान किया।



मालीराम के सुपुत्र विशिष्ट ज्योतिष विशेषज्ञ व प्रेरक प्रवक्ता संदीप ने बताया कि 'ममता का मंदिर' की तर्ज पर ही राजस्थान में खाटूधाम के निकट 'निर्विकारम' का संकल्प लिया गया है जिसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है और उम्मीद है कि कोलकाता के 'ममता का मंदिर' की भांति ही समाज के उदारमना लोगों के सहयोग से यह प्रकल्प जल्द से जल्द मूर्त रूप लेगा। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर डॉ. एस. के. शर्मा, विजय अग्रवाल (डीपीएस), रामोतार पोद्दार दिलीप चौधरी, विनोद केडिया, शशिकांत पोद्दार, दिनेश-संजय अग्रवाल, विनोद सोनी, सज्जन तायल,महेन्द्र सांवलका, अशोक लाट, राकेश अग्रवाल, सुरेश-राजेश मंत्री, प्रवीण अग्रवाल, पवन अग्रवाल, संजय सुरेका मनीष कालुका आदि कई गणमान्य लोगों ने सहपत्नीक एवं काफी संख्या में शिष्यों व श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन-वंदन कर श्रद्धेय शास्त्री जी से शुभाशीष प्राप्त किया।

## सत्य के सबल संपोषक व समर्थक थे आचार्य भिक्षु : मुनिश्री जिनेश कुमार

### ✒ तेरापंथ का 266वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमारजी ठाणा-3 के सानिध्य में 266 वां तेरापंथ स्थापना दिवस जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा भिक्षु विहार, डिविनिटी पेवेलियन में तप, जप एवं हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। मुनिश्री जिनेश कुमारजी ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा- तेरापंथ के संस्थापक आचार्य भिक्षु का ध्येय संगठन बनाना नहीं था, किन्तु वे आध्यात्म क्रान्ति के पथ पर बढ़ते गए, कारवां स्वतः बनता गया और तेरापंथ जैसे सुदृढ़ धर्मसंघ का निर्माण हो गया। विक्रम संवत 1817 आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के दिन भावदीक्षा के साथ राजस्थान के केलवा में तेरापंथ की स्थापना हुई। आचार्यश्री भिक्षु चेतना के चतुर प्रहरी थे। वे चंचलता की चौखट पर चोट करने वाले थे। शिथिलता के स्वप्न को संयम के शीतल छींटों से तिरोहित कर देते थे। वे असत्य के खिलाफ आवाज उठाते थे और सत्य के सबल संपोषक व समर्थक थे। आचार्य भिक्षु साहित्यकार, तत्ववेत्ता, विधिवेत्ता व महान दार्शनिक थे। भक्तों को अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले वे सच्चे गुरु थे। इस अवसर पर मुनिश्री परमानन्दजी ने कहा-तेरापंथ की स्थापना के पीछे त्याग और बलिदानों की अमर कहानी है।

मुनिश्री कुणाल कुमारजी ने समुमधु गीतिका का संगान किया। समारोह के प्रारम्भ में महिला मंडल ने मंगलाचरण किया। पूर्वांचल तेरापंथी सभा अध्यक्ष संजय सिंघी, महिला मंडल अध्यक्षा बबीता तातेड़ ने भी अपने विचार रखे। आभार ज्ञापन सभा मंत्री पंकज डोसी तथा समारोह का कुशल संचालन मुनिश्री परमानन्दजी ने किया। संध्या समय मुनिश्री के सानिध्य में धम्म जागरण में संघीय कलाकारों ने समुधुर गीतों की प्रस्तुतियां दीं।



# एसएससी की नई भर्ती प्रक्रिया में 'दागी' अयोग्य नहीं ले पाएंगे भाग : हाई कोर्ट

**✒ खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को रखा बहाल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की खंडपीठ ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) मामले में राज्य और एसएससी की याचिकाएं खारिज कर दीं। यानी, एसएससी की नई भर्ती प्रक्रिया से 'दागी' या पहचाने गए अयोग्य अभ्यर्थियों को बाहर कर दिया गया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा। इससे साफ हो गया कि 'दागी' नौकरी चाहने वाले परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। बता दें कि राज्य और एसएससी (स्कूल सेवा आयोग) ने न्यायमूर्ति सौमेन सेन की खंडपीठ में न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य द्वारा एसएससी अधिसूचना पर दिए गए फैसले को चुनौती देते हुए एक मामला दायर किया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, राज्य शिक्षा विभाग ने एक नई भर्ती अधिसूचना जारी की। लेकिन, आरोप लगाया गया कि 2025 के लिए एसएससी की अधिसूचना सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरुद्ध थी। उस अधिसूचना को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक मामला दायर किया गया था। उस मामले में, कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने सोमवार को आदेश दिया था कि यदि कोई 'दागी या अयोग्य' उम्मीदवार पहले ही आवेदन कर चुका है, तो उसका आवेदन पत्र रद्द कर दिया जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार पूरी की जानी चाहिए। साथ ही, एसएससी द्वारा 30 मई को जारी अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए भर्ती प्रक्रिया जारी रखी जा सकती है। अदालत ने बाकी अधिसूचना में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। मामले की सुनवाई 17 जुलाई को होने की संभावना है।

### हाई कोर्ट का फैसला : ओबीसी आवेदकों को सामान्य श्रेणी में आवेदन की मिली अनुमति

ओबीसी आरक्षण विवाद पर बुधवार को कोलकाता हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने स्पष्ट किया कि फिलहाल आवेदक ओबीसी श्रेणी में आवेदन नहीं कर सकते, लेकिन 30 मई की सरकारी अधिसूचना के अनुसार जो उम्मीदवार योग्य हैं, उन्हें सामान्य श्रेणी में आवेदन करने की छूट दी जाएगी। साथ ही अदालत ने राज्य सरकार से तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एम.आर. शमशाद ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने 3 और 17 अप्रैल को अपने आदेशों में स्पष्ट किया था कि पूर्व श्रेणियों के योग्य उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं और पहले परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों को उम्र में छूट दी जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की 30 मई की अधिसूचना में 'समायोजन' का उल्लेख किया गया, लेकिन वास्तविकता में ओबीसी श्रेणी की पात्रता कठिन कर दी गई–45% के स्थान पर 50% अंकों की शर्त रखी गई है। स्कूल सेवा आयोग की ओर से अधिवक्ता कल्याण बंद्योपाध्याय ने जानकारी दी कि डिवीजन बेंच के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार पहले ही सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर कर चुकी है, जिसकी सुनवाई अगले मंगलवार को संभावित है, हालांकि कोई स्थगन आदेश अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 2010 और 2012 से पूर्व की ओबीसी सूचियां मान्य नहीं हैं और सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा तक सामान्य श्रेणी में आवेदन ही एकमात्र विकल्प है।

# 'ममता किसी भी भ्रष्टाचार की दोषी नहीं', केंद्रीय नेता से मुलाकात के बाद बोले दिलीप घोष

**✒ कहा... 'बाहर से आए कई लोग मुझे पार्टी में दरकिनार करने में लगे रहे'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** 30 अप्रैल को पूर्व मेदिनीपुर के दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद पार्टी के एक वर्ग की नाराजगी झेलने वाले बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने एक बार फिर ममता को लेकर नरम सुर दिखाए हैं। काफी समय से पार्टी से अलग–थलग चल रहे घोष ने कई महीने बाद बुधवार को दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय नेता से मुलाकात के बाद पत्रकारों के सवाल पर कहा कि ममता बनर्जी के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है। न ही किसी अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि जो लोग ममता के आसपास थे या हैं, वे दागी हैं। उन्होंने ममता की आलोचना करने वालों पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके खिलाफ खुद भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हैं। घोष ने यह भी कहा कि बाहर (दूसरे दलों) से आए कई लोग मुझे पार्टी में दरकिनार करने में लगे रहे। पार्टी के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) शिव प्रकाश से मुलाकात के बाद घोष की इस टिप्पणी ने राज्य भाजपा के कई नेता हैरान हैं। साथ ही इस टिप्पणी से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में उनके शामिल होने की अटकलें फिर तेज हो गई हैं। दरअसल, अप्रैल में ममता से मुलाकात और उसके बाद घोष के हालिया बयानों से राज्य में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले उनके तृणमूल में शामिल होने अथवा नई पार्टी बनाने की अटकलें लगातार तेज है।

# कसबा सामूहिक दुष्कर्म के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय से लालबाजार तक मार्च निकाला। तख्तियां और पोस्टर के साथ उन्होंने पीड़िता के लिए न्याय की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बोबाजार में रोक दिया। इसके विरोध में उन्होंने सड़क को जाम कर दिया। मार्च का नेतृत्व कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी मामले की जांच के प्रति उदासीन रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के कॉलेजों में अवैध गतिविधियां हो रही हैं। इसे रोकना बहुत जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि अगर पुलिस ने लॉ कॉलेज सामूहिक दुष्कर्म मामले के मुख्य आरोपी के खिलाफ पूर्व में की गई शिकायतों पर कार्रवाई की होती, तो यह घटना नहीं घटती।

# शववाहन में शराब पीकर बेहाल चालक और सहायक! वायरल तस्वीर पर विपक्ष का तंज

**हुगली, समाज्ञा :** उत्तरपाड़ा नगरपालिका द्वारा संचालित महामाया शिशु एवं मातृमंगल केंद्र के शववाहन में हुई शर्मनाक घटना से हड़कंप मच गया है। शव लाने गए वाहन के चालक और सहायक (खलासी) ने ऑन ड्यूटी रहते हुए शराब का सेवन कर नशे में धुत होकर शव वाहन में ही ऐसी हरकत कर डाली, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। मामला श्रीरामपुर वॉल्स अस्पताल से जुड़ा है, जहां मंगलवार देर रात शव लाने के लिए यह शववाहन भेजा गया था। समय पर वाहन वापस न लौटने पर शक गहराया और कुछ घंटों बाद अस्पताल परिसर में ही शववाहन लावारिस हालत में मिला। वायरल तस्वीरों में देखा गया कि



चालक अपनी सीट पर उल्टा लेटा हुआ था, जबकि उसका सहायक शव ले जाने वाले ट्रे में बेहोश पड़ा था। वाहन की चाबी, यूनिफॉर्म और नगरपालिका का आई–कार्ड सीट पर ही पड़ा था। दोनों को कई बार आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता पर विपक्षी दलों ने सरकार पर हमला तेज कर दिया है।

**❑ विपक्ष का हमला/तंज**

भाजपा नेता पंकज राय ने कहा कि अब तो लगता है कि राज्य सरकार पूरी तरह 'मदिरा' पर निर्भर है। उत्तरपाड़ा के विधायक सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों को धमका रहे हैं और नीचे स्टाफ इस हाल में काम कर रहे हैं। यह है 'जय बांग्ला' की असल तस्वीर। वाम दलों ने भी इस घटना को शासन और प्रशासन की विफलता बताया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब शव ले जाने वाले कर्मी ही इस तरह नशे में होंगे तो आम नागरिकों की सेवा और सुरक्षा कैसे होगी?

इस बीच, महामाया शिशु एवं मातृमंगल केंद्र की प्रबंधक सुमना महालानबिस ने मीडिया से कहा यह घटना हमारे लिए अत्यंत दुखद और अपमानजनक है। हमने इसकी कभी कल्पना भी नहीं की थी। दोनों कर्मियों ने ऑन ड्यूटी रहते हुए, यूनिफॉर्म में, ड्यूटी स्थल पर शराब का सेवन किया। जैसे ही हमें जानकारी मिली, तुरंत दोनों को ड्यूटी से हटा दिया गया है और वे आज से कार्य पर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि शव–वाहन शव को लेने के बाद संभवतः श्मशान भी गया था, लेकिन वापसी में कर्मियों ने वाहन को बाहर ही खड़ा कर ऐसी घोर लापरवाही की। इस पर कार्रवाही की जाएगी।

# महेशतला में नर्स की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** लंबी पूछताछ के बाद मृतका के पति को महेशतला में एक नर्स की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम शेख नासिर अली है। गिरफ्तार व्यक्ति को गुरुवार को अलादत में पेश किया। बताया गया है कि इस नारकीय घटना का कारण जानने के लिए गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मृत शिल्पी बीबी के पति शेख नासिर अली मुहर्रम के अवसर पर घर से निकले थे। चूंकि, उन्हें घर लौटने में देर हो गई थी, इसलिए उनकी पत्नी सुबह 2 बजे अपने पति को ढूंढने निकलीं। नासिर ने दावा किया कि उसके बाद, 2:30 बजे उन्हें फोन आया कि उनकी पत्नी गली में एक घर के पीछे बेहोश पड़ी हैं। फिर, महेशतला पुलिस स्टेशन



को सूचित किया गया। पुलिस महिला को बेहाला के विद्यासागर अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी। अगले दिन मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया गया। उससे लंबी पूछताछ की गई। बताया जा रहा है कि पूछताछ में कई विरोधाभास हैं। इसी वजह से शेख नासिर को अपनी पत्नी की हत्या में शामिल होने के संदेह में गिरफ्तार कर लिया गया।

## डायमंड हार्बर में महिला ने नदी में कूदकर की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर नगरपालिका इलाके में जेटी घाट के पास बुधवार रात एक महिला ने हुगली नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों और पुलिस सूत्रों के अनुसार, रात करीब 9 बजे अचानक महिला ने नदी में छलांग लगा दी। चूंकि उस समय ज्वार चल रहा था, इसलिए महिला कुछ ही क्षणों में गहरे पानी में डूब गईं। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर तुरंत डायमंड हार्बर थाने की पुलिस और आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंचा और महिला की तलाश में नदी में अभियान शुरू किया गया। हालांकि देर रात तक तलाशी अभियान चलाने के बावजूद महिला का शव बरामद नहीं हो सका। फिलहाल महिला की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है और आत्महत्या के पीछे के कारणों का भी पता नहीं चल पाया है।

# कौस्तभ बागची को नर्सिंग होम विवाद में पुलिस का तीसरा नोटिस, कल तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता कौस्तभ बागची को नर्सिंग होम में उत्पात और धमकी के मामले में तीसरी बार नोटिस भेजा गया है। उन्हें शनिवार सुबह 11 बजे मोहनपुर थाने में हाजिरी देने का निर्देश मिला है। बुधवार को भेजे गए इस नोटिस के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। कौस्तभ बागची ने कहा कि मोहनपुर थाने ने उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया था, जिसके तहत उन्होंने सोमवार को बैरकपुर अदालत में आत्मसमर्पण कर जमानत हासिल कर ली है। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस बात की जानकारी थाने के प्रभारी अधिकारी और जांच अधिकारी को भी दे दी थी, फिर भी उन्हें नया नोटिस भेजा गया है।



उन्होंने इसे राज्य पुलिस की प्रतिशोध भावना का उदाहरण बताया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि अदालत ने कौस्तभ को जमानत देते समय यह शर्त लगाई थी कि वे जांच में सहयोग करेंगे और यदि तलब किया गया तो थाने में हाजिर होंगे। इसलिए जांच प्रक्रिया पूरी करने के लिए उन्हें फिर से तलब किया गया है।

# गुरु पूर्णिमा पर तारकेश्वर धाम में भक्ति का ज्वार, सावन की शुरुआत पर उमड़े श्रद्धालु

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले में स्थित प्राचीन तारकेश्वर शिव मंदिर में सावन मास की शुरुआत पर श्रद्धा और भक्ति का अनूठा नजारा देखने को मिला। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बुधवार को मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे, जो बंगाल के विभिन्न जिलों–हावड़ा, कोलकाता, कालीघाट, मेदिनीपुर, बांकुड़ा, बीरभूम, मालदह के अलावा देश के अन्य राज्यों और पड़ोसी देश बांग्लादेश से भी पहुंचे थे। मान्यता है कि तारकेश्वर धाम में जो भी भक्त सच्चे मन से मनोकामना लेकर आता है, वह भगवान भोलेनाथ की कृपा से कभी खाली नहीं लौटता। सावन के पहले दिन भक्तों ने श्रद्धापूर्वक कतार में खड़े होकर शिवलिंग पर गंगाजल, दूध और बेलपत्र अर्पित किया। कई



श्रद्धालु मंदिर परिसर स्थित 'दूध पुकुर' तालाब में स्नान कर स्वयं को पवित्र कर भगवान शिव की आराधना में लीन हुए। पूरे परिसर में बोल बम, हर हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बन गया। इस मौके पर हुगली जिला ग्रामीण प्रशासन ने सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, और भीड़ नियंत्रण जैसे विभिन्न इंतजाम किए थे। स्थानीय स्वयंसेवक भी सेवा कार्यों में सक्रिय रूप से लगे रहे, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सावन की शुरुआत के साथ ही तारकेश्वर धाम में आस्था का अद्वितीय संगम देखने को मिला।

# जोड़ासांको थाने के ओसी को थप्पड़, एसएफआई नेत्री बर्णना मुखोपाध्याय को समन

**कोलकाता, समाज्ञा :** वाम दलों द्वारा बुलाए गए हड़ताल के दौरान ड्यूटी पर तैनात जोड़ासांको थाने के अधिकारी (ओसी) को थप्पड़ मारने के आरोप में एमएफआई की नेत्री बर्णना मुख–ोपाध्याय को पुलिस ने समन भेजा है। उन्हें नोटिस भेजकर 24 घंटे के अंदर जोड़ासांको थाने में पेश होने का निर्देश दिया गया है। बुधवार को राज्य समेत पूरे देश में वाम दलों ने बंद का आयोजन किया था। उसी दौरान कॉलेज स्ट्रीट इलाके में वाम समर्थकों और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई। इसी दौरान जोड़ासांको थाने के ओसी को थप्पड़ मारने की घटना सामने आई, जिसके बाद एसएफआई नेत्री बर्णना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। गवाहों और सामने आए वीडियो फुटेज के



अनुसार, कॉलेज स्ट्रीट पर प्रदर्शन के दौरान बर्णना ने जोड़ासांको थाने के पुलिस अधिकारी को सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मारा। घटना की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बर्णना मुखोपाध्याय को नोटिस भेजा और उन्हें गुरुवार तक थाने में पेश होने का आदेश दिया। पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ ड्यूटी पर तैनात अधिकारी को काम में बाधा पहुंचाने सहित कई गंभीर गैर–जमानती धार–ाओं में मामला दर्ज किया गया है।

# कल्याणी में स्कूल में कुत्ते के बच्चे की पीटकर हत्या के आरोप में प्रधानाध्यापक समेत दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के कल्याणी के एक स्कूल में कुत्तों के बच्चों की पीट–पीटकर हत्या करने के आरोप में प्रधानाध्यापक समेत 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शिकायत दर्ज होने के कुछ ही घंटों के भीतर कार्रवाई की। गिरफ्तार लोगों को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। बता दें कि गत मंगलवार की शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें देखा गया कि स्कूल यूनिफॉर्म में कुछ नाबालिग एक मैदान में 2–3 लोगों के साथ थे। एक कुत्ते का बच्चा मरणासन्न अवस्था में पड़ी थी। उसे डंडे से बुरी तरह पीटा जा रहा था। इस क्रूर वीडियो को देखकर हर कोई स्तब्ध रह गया। एक समूह ने उसी रात कल्याणी पुलिस स्टेशन का



दरवाजा खटखटाया। सभी ने आरोपियों के लिए सख्त सजा की मांग की। पता चला कि आरोपी नाबालिग कल्याणी के नेताजी विद्या मंदिर (फॉर बॉयज) स्कूल के छात्र थे। स्कूल के प्रधानाध्यापक खुद उनके साथ थे। उन सभी ने एक साथ कुत्ते के बच्चे को प्रताड़ित किया। बाद में, प्रधानाध्यापक ने सफाई देते हुए माफी मांगी। लेकिन इससे समाधान नहीं निकला। पुलिस ने बुधवार की रात प्रिंसिपल गौर भवाल और स्कूल क्लर्क तारापद दास को गिरफ्तार कर लिया।

# विवाहेतर संबंधों को लेकर मध्यस्थता बैठक के दौरान युवक और उसकी बहन से दुर्व्यवहार, पार्षद पर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के पानीहाटी नगरपालिका के 25 नंबर वार्ड में गुरुवार को विवाहेतर संबंधों के आरोपों के निराकरण को लेकर बुलाई गई बैठक हिंसा में तब्दील हो गई। आरोप है कि बैठक के दौरान स्थानीय पार्षद हिमांशु देव और उनके समर्थकों ने एक युवक और उसकी बहन के साथ मारपीट की तथा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना को लेकर खड़दह थाने में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एक युवक और युवती के बीच कथित रूप से विवाहेतर संबंध की सूचना मिलने के बाद यह मामला वार्ड कार्यालय तक पहुंचा। इस संबंध में पार्षद के नेतृत्व में एक सा–लीशी बैठक आयोजित की गई। आर–ोप है कि बैठक के दौरान युवक और उसकी बहन को बुलाकर ना केवल शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया बल्कि उनकी सार्वजनिक तौर पर बेइज्जती भी की गई। पीड़िता बहन ने आरोप लगाया कि पार्षद के समर्थकों ने उसके कपड़े तक फाड़ दिए। वहीं, युवक का कहना है कि उस पर जबरन युवती से शादी करने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि लगाए गए आरोपों के समर्थन में कोई ठोस प्रमाण नहीं है। सूचना मिलने पर खड़दह थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को वहां से सुरक्षित बाहर निकालकर थाने ले गई। इसके बाद दोनों ने पार्षद हिमांशु देव और उनके समर्थकों के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, पार्षद हिमांशु देव ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीतिक साजिश बताया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पूरे घटनाक्रम की सत्यता की पुष्टि करने की कोशिश कर रही है।

# अतिक्रमण हटाने पर राजनीति गरमाई, विधायक असीत मजूमदार की उग्र चेतावनी

**हुगली, समाज्ञा :** केंद्र सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हुगली जिले के डानकुनी, सेवड़ाफुली, चंदननगर और बंडेल रेलवे स्टेशनों को आधुनिक



सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। यात्री सुविधा, सौंदर्यीकरण, तकनीकी सुधार और ढांचागत विकास के उद्देश्यों के साथ इस परियोजना पर कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन इन स्टेशनों के आसपास वर्षों से कब्जा जमाए अतिक्रमणकारियों के कारण यह विकास कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा कई बार अतिक्रमण हटाने के नोटिस दिए गए हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हो पाई है। अतिक्रमण हटाने को लेकर स्थानीय स्तर पर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। मामला तब और गरमा गया जब चंदननगर के तृणमूल कांग्रेस विधायक असीत मजूमदार ने रेलवे के नोटिस को सार्वजनिक रूप से आग के हवाले कर दिया और अतिक्रमणकारियों के समर्थन में झाड़ू लेकर रैली निकाली। रैली के दौरान उन्होंने तीखी चेतावनी देते हुए कहा, आज हमने झाड़ू निकाली है, लेकिन अगली बार लाठी, डंडा और कटार निकलेगी। जो भी इन लोगों को हटाने आएगा, उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। विधायक ने रेलवे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नोटिस न तो विधिसम्मत है, न उस पर कोई सरकारी मुहर है और न ही अधिकृत हस्ताक्षर। उन्होंने यह भी दावा किया कि यहां रह रहे अधिकतर लोग पिछले 40–45 वर्षों से बसे हुए हैं, ऐसे में बिना पुनर्वास किसी को हटाना अमानवीय कदम होगा। यह पूरा मामला अब विकास और पुनर्वास के साथ–साथ राजनीति और प्रशासन के टकराव का रूप ले चुका है। आने वाले दिनों में इस विवाद के और भी तेज होने की आशंका जताई जा रही है।

# आत्महत्या सबसे बड़ा महापाप : पं. शंभुशरण लाटा

**✒ संतश्री परिवार का गुरू पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न**

**हावड़ा, समाज्ञा :** 'संसार में महापापों की गिनती में आत्महत्या सबसे बड़ा पाप है इससे बड़ा कोई पाप नहीं है अन्य किसी भी पाप का आप प्रायश्चित कर सकते हो लेकिन अपने शरीर को खत्म कर दिया तो फिर प्रायश्चित कैसे करोगे।' यह मार्गदर्शन आज हावड़ा के हरदत्त राय चमड़िया रोड़ स्थित श्री राम सेवा समिति के श्रीराम सभागार में संतश्री परिवार की ओर से आयोजित गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर गुरुवर पंडित शंभुशरण लाटा ने उपस्थित शिष्यों व श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने गुरु महिमा पर विस्तार से बोलते हुए कहा कि भगवान शंकर देवताओं के गुरु हैं और भगवान कृष्ण पूरे विश्व के। गुरु जीव नहीं शिव हैं। मूर्ति में परमात्मा को देख



लेना सरल है लेकिन जिस मूर्ति को भगवान ने बनाया है उसमें हमारी गुरु भावना होनी जरूरी है। गोस्वामी तु–लसीदास जी संकेत करते हैं कि गुरु जीव नहीं नर रूप में हरि है। वह देखने में भले ही हमारे जैसे हो लेकिन शिष्य को वह हरि स्वरूप में नजर आने चाहिए। गुरु धर्म में लगाते हैं, पाप से बचाते हैं।

पं. लाटा ने कहा कि यह जीवन केवल संसार के भोग भोगने के लिए नहीं है। वरना फिर से चौरासी लाख योनियों में भटकना प ड़ े ग ा । रामचरितमानस में दु:ख के चार कारण बताए गए हैं– काल ,कर्म, गुण और स्वभाव इनमें काल ,कर्म और गुण के दु:खों को तो नहीं मिटाया जा सकता। लेकिन स्वभाव से उत्पन्न दु:ख को दूर किया जा सकता है और वह सत्संग से सम्भव है। अगर मनुष्य अपना स्वभाव बदल ले तो बहुत कुछ बदल जायेगा। भगवान भी कृपा करेंगे और यह भगवत् कृपा का ही परिणाम है कि चौरासी लाख योनियों में भटकने के बाद हमें मनुष्य का शरीर प्राप्त होता है। पंडित लाटा ने तुलसीदास जी की एक पंक्ति को उल्लेखित करते हुए कहा कि मनुष्य शरीर पाकर भी भगवत् भजन नहीं करना आत्महत्या के समान है। गुरुवर के सुरीले कंठ से सुमधुरों भजनों की रसधारा पर झूमने नाचने के पश्चात शिष्यों व श्रद्धालुओं ने गुरू वंदन किया। पूरे महोत्सव के सफल आयोजन में रोशनलाल अग्रवाल, रतन लाल गोयल, राजेन्द्र धनानिया, दीनदयाल गट्टानी और राजू छंगाणी सहित सभी का सराहनीय सहयोग रहा। आरती व प्रसाद के साथ आयोजन सम्पन्न हुआ।

# सीतलकुची में भाजपा विधायक को घेरकर तृणमूल का प्रदर्शन

**कूचबिहार :** जिले के सीतलकुची के भाजपा विधायक बरेन चंद्र बर्मन को गुरुवार को गोसाईरहट में तृणमूल नेता, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा है।




तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूजा के बाद मंदिर से बाहर निकलते समय विधायक को घेर कर प्रदर्शन किया। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्य रूप से केंद्र पर राज्य को वंचित करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस बात को लेकर उनकी विधायक से बहस हो गई। सीतलकुची थाने की पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पहुंची। कूचबिहार जिला परिषद सदस्य शेफाली बर्मन ने आरोप लगाया है कि चुनाव जीतने के बाद विधायक इलाके में नहीं आए। अब वह इलाके में उपद्रव मचाने आ रहे है। इसलिए निवासियों ने विधायक का घेराव कर प्रदर्शन किया। शेफाली ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर 100 दिनों के काम का रुपया न देने का भी आरोप लगाया। वहीं, भाजपा विधायक बरेन चंद्र बर्मन ने कहा कि वह किसी पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने नहीं आए थे। वह गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में पूजा करने आए थे। तृणमूल ने इस पर भी गंदी राजनीति शुरू कर दी है। जनता इसका जवाब देगी।

# दुर्गापुर अस्पताल में इलाजरत मरीज ने छत से कूदकर की आत्महत्या

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर उपजिला अस्पताल में इलाजरत एक मरीज ने अस्पताल की छत से कूदकर जान दे दी। इस घटना ने अस्पताल की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि मृत बुजुर्ग का नाम नेपाल चंद्र दास (85) है। वह दुर्गापुर के वार्ड 26 के सुभाषपल्ली इलाके का निवासी है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, नेपाल चंद्र दास को गत सोमवार को पेट दर्द की शिकायत पर दुर्गापुर उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उनका इलाज चल रहा था। परिवार का दावा है कि नेपाल की हालत में धीरे–धीरे सुधार हो रहा था। लेकिन, बुधवार की रात अस्पताल से खबर



आई कि नेपाल ने अस्पताल की छत से छलांग लगा दी है। इसके बाद, परिवार के लोग अस्पताल गए। उन्होंने नेपाल को मृत पाया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में भारी हंगामा मच गया। अस्पताल के अधीक्षक धीमान मंडल ने कहा कि अस्पताल की छत का दरवाज़ा खुला था। मरीज किसी कारण से ऊपर गया था। फिर, वह वहां से कूद गया। हमने उसे बचाने की कोशिश की। लेकिन उसकी मौत हो गई। परिवार वालों ने अस्पताल से संपर्क नहीं किया। फिर भी जांच की जा रही है और कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पटना हवाई अड्डे पर आग लगी

**पटना :** पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयरलाइन टिकट काउंटर के पास बृहस्पतिवार को मामूली आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में हवाई अड्डे को कोई नुकसान नहीं हुआ और न ही उड़ान संचालन बाधित हुआ। एक अधिकारी ने बताया, यह घटना गैस कटिंग से निकली चिंगारी के कारण हुई। ठेकेदार के एक कर्मचारी ने मौके पर मौजूद अग्निशामक यंत्रों का इस्तेमाल करके आग पर तुरंत काबू पा लिया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों और एटीसी टावर ने तुरंत अग्निशमन नियंत्रण कक्ष को सूचित किया। हवाई अड्डा अग्निशमन बचाव वाहन ने स्थिति पर काबू पा लिया।

### क्रिकेट खिलाड़ी यश दयाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया

**प्रयागराज :** क्रिकेट खिलाड़ी यश दयाल ने एक महिला का यौन शोषण करने के आरोप में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलने वाले 27 वर्षीय यश दयाल ने रिट याचिका दायर कर इस मामले में अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने और साथ ही अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की है। दयाल के खिलाफ यह प्राथमिकी छह जुलाई को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 (झांसा देकर यौन संबंध बनाने) के तहत गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम थाने में दर्ज की गई थी। इस मामले में एक खंडपीठ द्वारा अगले सप्ताह सुनवाई किए जाने की संभावना है। दयाल पर शादी के बहाने एक महिला का यौन शोषण करने का आरोप है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, दोनों करीब पांच साल पहले मिले और दयाल ने महिला से शादी करने का वादा किया था।

# एटीएस ने अवैध वित्तपोषण, धर्मांतरण नेटवर्क का पता लगाने को जलालुद्दीन, नसरीन को रिमांड पर लिया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश आतंकवाद रोधी दस्ता (उप्र एटीएस) ने धर्मांतरण गिरोह और अवैध वित्तपोषण के स्रोतों का पता लगाने के लिए जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन की हिरासत ले ली है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एटीएस अवैध वित्तपोषण से खरीदी गई बेनामी संपत्तियों का भी पता लगाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने यहां पुलिस मुख्यालय में संवाददाताओं को बताया कि एटीएस द्वारा पूर्व में दर्ज मामले में पांच जुलाई को जलालुद्दीन और नसरीन को गिरफ्तार किया गया था। एक विशेष अदालत ने बुधवार को जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू



उर्फ नसरीन को एक सप्ताह की एटीएस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। यश ने कहा कि एटीएस अब इनके नेटवर्क, अवैध वित्तपोषण के स्रोतों और अवैध साधनों से खरीदी गई संपत्तियों के बारे में आरोपियों से पूछताछ करेगी। उन्होंने कहा, इस गिरोह के धन के स्रोतों, विभिन्न क्षेत्रों में फैले इसके नेटवर्क के साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि अवैध रूप से हासिल की गई इन संपत्तियों का कैसे उपयोग किया गया और कैसे इन संपत्तियों को जायज बनाया गया। गैंगस्टर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी और ऐसी संपत्तियों को ध्वस्त किया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि इस गिरोह के जरिए कितने लोगों का धर्म परिवर्तन कराया गया, यश ने कहा कि चूंकि यह गिरोह कथित तौर पर 15 वर्षों से अधिक समय से सक्रिय है, इसलिए व्यापक स्तर पर धर्म परिवर्तन कराए जाने की संभावना है। हालांकि उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने तक सटीक संख्या बताना जल्दबाजी होगी।

### ईड ने छांगुर बाबा की संपत्तियों और खातों का ब्योरा मांगा

**लखनऊ/नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस), राज्य सरकार के अधिकारियों और कुछ बैंकों को अवैध धर्मांतरण गिरोह के कथित सरगना जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की संपत्तियों, खातों और वित्तीय स्थिति का पता लगाने के लिए पत्र लिखा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

### जगुआर दुर्घटना में जान गंवाने वाले फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषि राज सिंह का अंतिम संस्कार

**जोधपुर :** राजस्थान के चूरू के निकट नियमित उड़ान के दौरान जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषि राज सिंह के पार्थिव शरीर का बृहस्पतिवार शाम पूरे सैन्य सम्मान के बीच अंतिम संस्कार किया गया। सिंह (23) बुधवार को हुए विमान हादसे में जान गंवाने वाले भारतीय वायु सेना के दो पायलट में से एक थे। सिंह हरियाणा के रोहतक के खेरी साध गांव के रहने वाले स्क्वाड्रन लीडर लोकेंदर के साथ उड़ान भर रहे थे। परिवार के एक सदस्य प्रताप सिंह ने कहा, वह (ऋषि राज सिंह) पढ़ाई में बहुत होशियार थे और जोधपुर से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने एनडीए की प्रवेश परीक्षा दी। चयन के बाद, वह पुणे में एनडीए में शामिल हो गए और पायलट बनने के अपने सपने को साकार करने के लिए वायु सेना को चुना।

## सीएमओ ने जारी किया मोबाइल फोन की लत के हानिकारक प्रभाव के सिलसिले में परामर्श



**गाजियाबाद (उप्र) :** गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के बच्चों पर मोबाइल फोन की लत के हानिकारक प्रभावों के सिलसिले में परामर्श जारी किया है। परामर्श में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि जो आचरण अक्सर एक छोटी सी आदत के रूप में शुरू होता है वह गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में बदल सकता है और उनसे बच्चों में व्यवहार संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसमें कहा गया है कि बड़ी संख्या में माता-पिता अपने बच्चों के समस्याग्रस्त व्यवहार से जूझ रहे हैं और इस समस्या का सीधा संबंध मोबाइल फोन के बेतहाशा इस्तेमाल से है। सलाह में इस लत से उत्पन्न होने वाली कई समस्याओं का विवरण दिया गया है, जिन्हें शारीरिक, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और व्यवहार संबंधी समस्याओं में वर्गीकृत किया गया है। सीएमओ अखिलेश मोहन ने कहा, लंबे समय तक एक ही मुद्रा में रहने के कारण कई बच्चों को गर्दन और पीठ में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, खान-पान और नींद की आदतों में गड़बड़ी आम होती जा रही है।

## झारखंड के देवघर में श्रावणी मेले का उद्घाटन हुआ

**देवघर (झारखंड) :** झारखंड के देवघर जिले में महीनेभर चलने वाले श्रावणी मेले का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया गया। देश के पूर्वी क्षेत्र के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक श्रावणी मेले का उद्घाटन राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने बिहार की सीमा से लगे दुम्मा स्थित कांवरियापथ पर पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ किया। शक कैलेंडर के अनुसार, यह मेला 'श्रावण' माह के दौरान आयोजित किया जाता है। इस वर्ष इसका आयोजन 11 जुलाई से नौ अगस्त तक होना है। मेले का उद्घाटन करने के बाद राज्य के पर्यटन मंत्री ने कहा, ''एक महीने तक आयोजित होने वाले इस मेले का आयोजन भव्य तरीके से किया जायेगा। तकनीक का इस्तेमाल करके, लाखों श्रद्धालुओं के लिए मेले को बिना किसी परेशानी के आयोजित करने का प्रयास किया



गया है।'' मंत्री ने कहा कि प्रशासन देवघर में ''सुचारू और कोई अप्रिय घटना-मुक्त मेला'' आयोजित करने के लिए एआई-चैटबॉट, 'रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन' (आरएफआईडी) और कृत्रिम मेधा (एआई)-आधारित कैमरों का इस्तेमाल कर रहा है। मेले में इस्तेमाल की जा रही प्रौद्योगिकियों का विवरण देते हुए देवघर प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एआई आधारित एकीकृत मेला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

## राजस्थान: भाजपा ने गुरु पूर्णिमा पर संतों एवं महात्माओं को सम्मानित किया

**जयपुर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को राज्य भर में संतों एवं महात्माओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें पार्टी के नेताओं ने धर्मगुरुओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने डींग जिले के ग्राम पूंछरी स्थित मंदिर श्री नाथ जी पूंछरी का लौठा में गुरु पूजन किया तथा संतों को श्रीफल प्रदान कर उनका चरण पूजन किया। इस अवसर पर शर्मा ने गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा उत्सव का महत्व गुरु-शिष्य परंपरा की पवित्रता में निहित है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली और बालोतरा में विभिन्न संत-महात्माओं का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान राठौड़ ने कहा कि गुरू पूर्णिमा आत्मचिंतन, सद्गुरु के प्रति श्रद्धा और मार्गदर्शन प्राप्त करने का विशेष पर्व है, और संत-महात्माओं के सान्निध्य से जीवन को दिशा मिलती है। पार्टी के बयान के अनुसार कार्यक्रम संयोजक अरुण चतुर्वेदी ने सांगानेर में जैन मुनि सुंदर सागर महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चतुर्वेदी ने कहा कि जैन मुनि, धर्म गुरू, साधु-संत हमारे समाज के गौरव हैं।

## बिहार चुनाव में कांग्रेस का प्रयास झामुमो को सहयोगी दल के रूप में मिले सीट

**गिरिडीह/रांची :** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि गठबंधन सहयोगी के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को बिहार विधानसभा चुनाव में लड़ने के लिए सीट मिलें। झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन में प्रमुख साझेदार झामुमो का राज्य में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ गठबंधन है। राजू ने झारखंड के गिरिडीह जिले में पत्रकारों से कहा, ''कांग्रेस पार्टी बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों में झामुमो के लिए सीट सुरक्षित करने का प्रयास कर रही है। गठबंधन के हिस्से के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है और हमने इस संबंध में पहले ही कदम उठा लिए हैं।'' पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया कि झामुमो बिहार विधानसभा चुनाव में 12 से 15 सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने बताया कि हालांकि 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों के साथ वार्ता के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बिहार में 243 सीट वाली विधानसभा के लिए चुनाव अक्टूबर या नवंबर में होने की उम्मीद है। बाद में, रांची में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान राजू ने कहा कि झारखंड में पार्टी संगठन को मजबूत किया जा रहा है।

## हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



**गोरखपुर (उप्र) :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को गोरखपुर प्रवास के दौरान जनता दर्शन में लोगों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण, उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से उनका समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। यहां गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने करने की आवश्यकता नहीं है और सभी की समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं और उनकी शिकायत थी कि उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इन शिकायतों पर अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए कहा कि जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने चॉकलेट दी।

---

समाज्ञा CINE मंत्र

## करीना कपूर खान ने राजकुमार राव की फिल्म 'मालिक' के लिए दी शुभकामनाएं




**बॉ**लीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने राजकुमार राव को उनकी नई फिल्म मालिक के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म मालिक का ट्रेलर शेयर किया और साथ ही राजकुमार राव के लिए एक खास नोट भी लिखा है।

**करीना का पोस्ट**

करीना कपूर खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'मालिक' का पोस्टर और ट्रेलर शेयर किया। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने मालिक की टीम को शुभकामनाएं देते हुए लिखा, किल इट गाइज', ढेर सारा प्यार, कल सिनेमाघरों में देखिए।

**कहां व्यस्त हैं करीना**

हाल ही में करीना ने अपने पति सैफ अली खान और बेटों तैमूर और जेह के साथ वेकेशन की शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह बेज-काले रंग की मोनोकिनी और धूप के चश्मे में समुद्र तट पर पोज देती नजर आईं।

**फिल्म मालिक**

'मालिक' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। मालिक फिल्म कल यानी 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक एक्शन थ्रिलर है। यह फिल्म 1980 के दशक के इलाहाबाद की कहानी है, जिसमें राजकुमार राव का किरदार गरीबी से निकलकर ऊंचाइयों तक पहुंचता है। ट्रेलर में गैंगस्टर ड्रामा, बंदूकें और लालच की दुनिया दिखाई गई है। फिल्म में राजकुमार और मानुषी की प्रेम कहानी भी दिखाई गई है। फिल्म का निर्देशन पुलकित ने किया है। फिल्म को कुमार तौरानी और जय शेवक्रमणी ने टिप्स फिल्म्स और नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है।

**करीना का वर्कफ्रंट**

करीना कपूर आखिरी बार 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। अब वह निर्देशक मेघना गुलजार की अगली फिल्म 'दायरा' में पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ काम करेंगी। यह फिल्म अपराध और न्याय की कहानी है। बहरहाल, अभी फिल्म का प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है।

## पैपराजी की हरकतों पर जरीन खान ने कसा तंज?

**पै**पराजी स्टार्स की फोटो खिंचने के लिए कहीं भी पहुंच जाते हैं। कई बार स्टार्स खुद पैपराजी को बुलाते हैं। मगर हाल ही में कुछ ऐसी घटनाएं हुईं, जिसने पैपराजी कल्चर पर सवाल खड़े कर दिए हैं? जरीन खान भी इन्हीं बातों के बीच पैपराजी पर तंज कसती दिखीं। जानिए, पैपराजी का व्यवहार इन दिनों क्यों चर्चा में है? और जरीन ने किस बात को लेकर तंज कसा है।

**वायरल वीडियो में दिखी जरीन की नाराजगी**

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें पैपराजी जरीन खान की फोटो क्लिक कर रहे हैं, वीडियो बना रहे हैं। पैपराजी जोर-जोर से जरीन का नाम पुकारते हैं। अचानक जरीन पलटती है और कहती है, 'चेहरा देखो चेहरा ये नहीं'। वह बैक साइड की तरफ इशारा करती है। बताते चलें कि अक्सर पैपराजी एक्ट्रेस की फोटो फ्रंट से ना लेकर उनकी बैक साइड से लेते हैं। कई बार तस्वीरें और वीडियो बहुत ही खराब ढंग से लिए जाते हैं। इन्हीं बातों को लेकर कई एक्ट्रेस ने अपनी राय भी रखी है।

**गौहर खान ने पैपराजी के खराब व्यवहार पर पोस्ट की**

पिछले दिनों गौहर खान ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें एक्ट्रेस प्रज्ञा जायसवाल को पैपराजी भद्दे कमेंटस कर रहे थे। इसी वीडियो को लेकर गौहर खान ने लिखा था, 'क्या पैप्स छेड़छाड़ के कल्चर को बढ़ावा नहीं दे रहे हैं? ऐसे बहुत से लोग हैं जो लगातार अभद्र टिप्पणियां करते रहते हैं। आप लोग अपनी लिमिट पार नहीं कर सकते हैं।'

**भारती सिंह ने भी मजाकिया लहजे में नाराजगी दिखाई**

कॉमेडियन भारती सिंह ने भी अपने शो 'लाफ्टर शेफ 2' में पैपराजी पिछले दिनों क्लास ली। भारती सिंह ने फनी स्टाइल में पैपराजी से पूछा- 'आप लोग जब किसी एक्ट्रेस को टाइट ड्रेस में देखते हो तो उनकी बैक साइड की वीडियो, फोटो जूम करके क्यों लेते हो? और लिखते हो- त्र्र्रीशी थे?' इसके बाद एक पैपराजी को भारती ने चलने को कहा और उसकी भी वैसी ही वीडियो बनाई, जैसी वह एक्ट्रेसेस की बनाते हैं। इस तरह से भारती ने भी इस मुद्दे पर अपना नजरिया रखा।

## दीपिका के समर्थन में उतरीं सोहा



**दी**पिका पादुकोण के आठ घंटे की शिफ्ट की डिमांड के बाद पूरी इंडस्ट्री में इसे लेकर एक बहस सी छिड़ गई। दीपिका के समर्थन में कई दिग्गज स्टार्स भी उतरे। अब दीपिका के सपोर्टर में एक नाम सोहा अली खान का भी जुड़ गया है। सोहा ने दीपिका का समर्थन करते हुए कहा कि मां बनने के बाद जिंदगी पूरी तरह से बदल जाती है। खासकर शुरुआती साल में।

**मां बनने के बाद खो गई थी व्यक्तिगत पहचान**

द हॉलीवुड रिपोर्टर के साथ बातचीत के दौरान सोहा ने अपने बारे में बात करते हुए कहा कि मां बनने के बाद शुरुआती कुछ साल ने उन्हें पूरी तरह से व्यस्त कर दिया था। जिससे उनकी अपनी व्यक्तिगत पहचान ही कहीं खो गई थी। पेरेंटिंग पर उनका ध्यान इतना ज्यादा था कि वो अपने दोस्तों तक से दूर हो गईं। यही नहीं उनकी शादी में भी इसको लेकर कई बार तनाव की स्थिति बन गई। और करियर तो पूरी तरह से ही रुक गया। जाहिर है कि सोहा अली खान ने 38 साल की उम्र में बेटी इनाया को जन्म दिया था।

**पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन बनाने पर कर रहीं काम**

अभिनेत्री ने आगे बताया कि मैं अब प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल लाइफ के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए लगातार काम कर रही हूं। हालांकि, बेटी से दूर रहना एक मुश्किल चुनौती बना हुआ है। राजस्थान में एक बार शूटिंग के दौरान पूरे दिन इनाया को न देख पाने के कारण मैं काफी उदास हो गई थी। इनाया मेरी दिन भर की रूटीन में शामिल है। खासकर रात के सोते वक्त मुझे उसके पास ही होना है।


**दीपिका इतनी उपलब्धियां हासिल करने के बाद अपनी शर्तों पर काम कर सकती हैं**

आगे दीपिका पादुकोण के आठ घंटे की शिफ्ट की डिमांड का समर्थन करते हुए सोहा ने कहा कि एक मां के रूप में व्यवस्थित घंटों की आवश्यकता होती है। बेशक शाम 7 बजे तक काम करने की उनकी ये लिमिट कुछ निर्माताओं के मामले में दीपिका के लिए मुश्किल पैदा कर सकती है। लेकिन 38 साल की उम्र में कई उपलब्धियां हासिल करने के बाद वो अपने करियर के लिए यह समझौता करने को तैयार हैं और अपनी शर्तों पर काम करने का जोखिम उठा सकती हैं।

**'छोरी 2' में नजर आई थीं सोहा**

सोहा अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो आखिरी बार विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित हॉरर थ्रिलर 'छोरी 2' में नजर आई थीं। गश्मीर महाजनी और नुसरत भरुचा के साथ सोहा ने फिल्म में एक दुष्ट दासी की डरावनी भूमिका निभाई थी। फिल्म में अभिनय के लिए उन्हें तारीफें भी मिली थीं। हालांकि, ओटीटी पर रिलीज हुई ये फिल्म लोगों को कुछ खास प्रभावित नहीं कर पाई थी।

## अभिनय के दौरान पूरा ध्यान मौलिकता पर केंद्रित रखता हूं : राजकुमार राव



**अ**भिनेता राजकुमार राव ने बुधवार को कहा कि वह काम के दौरान अपना पूरा ध्यान मौलिकता पर केंद्रित रखते हैं और कोई भी किरदार निभाने के लिए किसी पुरानी फिल्म से प्रेरित होने से बचने की कोशिश करते हैं। राव, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही अपनी नयी फिल्म 'मालिक' के प्रचार के लिए इंदौर आए थे। इस फिल्म में वह मार-धाड़ वाली भूमिका में नजर आएंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या मार-धाड़ वाला किरदार निभाने के लिए वह किसी पुरानी फिल्म से प्रेरित हुए हैं, उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो जब मेरी किसी फिल्म की शूटिंग चलती है, तो मैं वास्तव में कोशिश करता हूं कि मैं उस वक्त (प्रेरणा के लिए) किसी खास तरह की पुरानी फिल्म न देखूं।'

राव (40) ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि मेरा निभाया हर किरदार एकदम मौलिक लगे और यह किरदार मेरी कल्पना और फिल्म की कहानी से उभरे।'

उन्होंने कहा कि अगर उनके अवचेतन मन में कहीं यह बात रह जाएगी कि उन्हें किसी पुरानी फिल्म के अच्छे दृश्य को दोहराने की कोशिश करनी चाहिए, तो उनके अभिनय की मौलिकता खत्म हो जाएगी।

अपनी प्रयोगधर्मिता के लिए मशहूर राव ने कहा, ''मैं अभिनेता के तौर पर अपने आप को किसी एक किरदार में बांध कर नहीं रखना चाहता। मैं चाहता हूं कि मैं हर साल कम से कम एक ऐसा किरदार निभाऊं जो आपको चौंका दे और आप सोचने लगें कि आपने मुझसे इस तरह की अदाकारी की उम्मीद नहीं की थी।'

## 'धूम 4' में नजर आएंगी श्रद्धा कपूर?

फिल्म 'स्त्री 2' की रिकार्ड तोड़ कामयाबी के बाद एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनकी यह फिल्म साल 2024 की सबसे बड़ी और हिंदी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म साबित हुई। इस फिल्म ने कमाई के मामले में 'गदर 2' और 'जवान' के रिकॉर्ड भी तोड़ दिए।

फिल्म की कामयाबी के बाद फिल्म मेकर एकता कपूर ने अपनी अपकमिंग वुमेन सेंट्रिक फिल्म के लिए श्रद्धा कपूर को अप्रोच किया था। 'तुम्बाड' फेम राही अनिल बर्वे इस फिल्म को डायरेक्ट करने वाले थे।

लेकिन यदि खबरों की माने तो श्रद्धा कपूर ने फिल्म के लिए एकता कपूर से न केवल 17 करोड़ की डिमांड कर डाली बल्कि प्रॉफिट में भी वह एकता से शेयर चाहती थीं।

एकता को श्रद्धा की यह मांग काफी नागवार लगी और उन्होंने श्रद्धा की इस डिमांड को पूरी तरह खारिज कर दिया। इस तरह श्रद्धा कपूर एकता कपूर की इस फिल्म का हिस्सा नहीं बन सकीं। श्रद्धा कपूर के लिए निश्चित ही यह एक बड़ा प्रोजेक्ट साबित हो सकता था लेकिन श्रद्धा ने इसे गंवा दिया।

यदि खबरों की माने तो अब फिल्म के लिए नई लीड एक्ट्रेस की तलाश जोरों पर हैं। इस साल के सेकंड हाफ में यह फिल्म फ्लोर पर जाने वाली है। फिल्म का टाइटल फिलहाल फायनल नहीं हुआ है।

इसके पहले भी श्रद्धा कपूर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल में आइटम सॉन्ग करने वाली थीं। साल 2021 में रिलीज हुई 'पुष्पा 1' में साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु का आइटम नंबर ऊं अंटावा मावा....' बेहद हिट हुआ था जिसके लिए सामंथा रुथ प्रभु को 5 करोड़ रुपए की भारी भरकम फीस दी गई थी।

खबरों की माने तो श्रद्धा कपूर को उतनी ही फीस चाहिए थी मगर मेकर्स से उन्होंने इसके एवज में 5 करोड़ की अत्यधिक फीस की मांग की कि मजबूरन उन्हें श्रद्धा के बजाए श्रीलीला को यह अवसर देना पड़ा।

पिछले कुछ सालों में श्रद्धा कपूर का फिल्में चुनने का पैटर्न बदल गया है। अब वह तीन साल में एक फिल्म कर रही हैं। श्रद्धा कपूर का मानना है कि उनके करियर का बेस्ट अभी आना बाकी है। इसकी वजह से उन पर बहुत ज्यादा जिम्मेदारी है। श्रद्धा का कहना है कि एक एक्टर के रूप में जब कुछ एक्साइटिंग होने वाला लगता है तभी वह ऑफर स्वीकार करती हैं।

'स्त्री 2' में धमाल मचाने के बाद श्रद्धा कपूर अब 'स्त्री 3' में नजर आएंगी। उनकी यह फिल्म 13 अगस्त 2027 को रिलीज होगी। फिल्म में एक बार फिर राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी जैसे स्टार्स नजर आएंगे।



'स्त्री 3' के अलावा श्रद्धा कपूर का नाम रनबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म 'धूम 4' के लिए भी सामने आ रहा है। हाल ही में इस फिल्म के लिए रनबीर कपूर के नाम की आफीशियल अनाउंसमेंट की गई, फीमेल लीड एक्ट्रेस के नाम का एलान होना बाकी है। यदि सूत्रों पर भरोसा किया जाए तो श्रद्धा कपूर निखिल द्विवेदी व्दारा डायरेक्ट की जाने वाली सुपरनेचुरल फिल्म 'नागिन' में भी नजर आ सकती हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### आठ घुसपैठियों को असम से वापस बांग्लादेश भेजा गया : मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया कि कि सीमा के पास पकड़े गए आठ घुसपैठियों को वापस बांग्लादेश भेज दिया गया है। शर्मा बताया कि असम के हितों की रक्षा करना उनकी सरकार के लिए सर्वोपरि है और अवैध प्रवासियों को राज्य में रहने तथा इसकी पहचान को खतरा पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, ''आज सुबह, असम पुलिस ने कछार और श्रीभूमि से पांच बांग्लादेशियों और तीन रोहिंग्याओं को बांग्लादेश वापस भेज दिया।''

### मैं सही समय पर सेवानिवृत्त हो जाऊंगा: उपराष्ट्रपति धनखड़

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर ईश्वर की कृपा रही तो वह सही समय पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उन्होंने यह टिप्पणी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए की। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, ईश्वर की कृपा रही तो मैं सही समय पर, अगस्त 2027 में सेवानिवृत्त हो जाऊंगा। धनखड़ का 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में पांच साल का कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 को समाप्त हो जाएगा। पेशे से वकील धनखड़ को जब भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना था तब वह पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे।

### पीजीआईएमईआर के चिकित्सकों ने भारत की पहली रोबोट की सहायता वाली वासोवासोस्टॉमी प्रक्रिया की

**चंडीगढ़ :** स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसके यूरोलॉजी विभाग के चिकित्सकों के एक दल ने भारत में पहली बार रोबोट की मदद से वासोवासोस्टॉमी सफलतापूर्वक की है। संस्थान की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''भारतीय यूरोलॉजी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के यूरोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. आदित्य प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. गिरधर बोरा और प्रोफेसर रवि मोहन ने 9 जुलाई को भारत की पहली रोबोट-सहायता प्राप्त वासोवासोस्टॉमी सफलतापूर्वक की है।'' बयान में आगे कहा गया, ''यह प्रक्रिया पुरुषों की प्रजनन संबंधी सर्जरी में इस्तेमाल की जाने वाली पारंपरिक माइक्रोस्कोप-आधारित तकनीक का एक आधुनिक विकल्प प्रदान करती है।'' इस प्रक्रिया में 43 वर्षीय रोगी को सर्जरी के अगले दिन छुट्टी दे दी गई।

### भारत के उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में मौलिक परिवर्तन आया है: प्रधान



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में आमूल-चूल परिवर्तन आया है। गुजरात के केवड़िया में केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए, प्रधान ने यह भी कहा कि कुल छात्र नामांकन 4.46 करोड़ तक पहुंच गया है, जो 2014-15 की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। प्रधान ने कहा, ...लड़कियों के नामांकन में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और लड़कियों का जीईआर (सकल नामांकन अनुपात) अब पुरुष जीईआर से अधिक हो गया है... पीएचडी नामांकन लगभग दोगुना हो गया है और महिला पीएचडी स्कॉलरों की संख्या में 136 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, अनुसूचित जनजातियों के जीईआर में 10 प्रतिशत अंकों की वृद्धि हुई है, जबकि अनुसूचित जातियों का जीईआर आठ अंक बढ़ा है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि पाठ्यक्रम को नया स्वरूप देने, डिजिटल प्रणाली कायम करने जैसे निर्णायक कदम उठाकर 2035 तक उच्च शिक्षा में जीईआर को 50 प्रतिशत तक बढ़ाना आवश्यक है।

# मोदी सरकार में क्षेत्रीय परिषदें केवल चर्चा का मंच नहीं बल्कि 'सहयोग का इंजन' बन गई हैं: अमित शाह

**रांची :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्षेत्रीय परिषदें महज चर्चा के मंच से आगे बढ़कर 'सहयोग के इंजन' में तब्दील हो गई हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बैठकों में उठाए गए 83 प्रतिशत मुद्दों का समाधान हो चुका है। शाह ने यह टिप्पणी 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में की, जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सहित चार पूर्वी राज्यों - झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शाह ने कहा, ''मोदी सरकार के तहत, क्षेत्रीय परिषदें महज 'चर्चा के मंच' से बढ़कर




'सहयोग के इंजन' में बदल गई हैं। क्षेत्रीय परिषद की बैठकों के दौरान 83 प्रतिशत मुद्दों का समाधान इन मंचों की प्रभावशीलता और बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है।'' आज की बैठक में मसानजोर बांध, तैयबपुर बैराज और इंद्रपुरी जलाशय से संबंधित लंबे समय से लंबित जटिल मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, साथ ही बिहार और झारखंड राज्यों के बीच कई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की परिसंपत्तियों और देनदारियों के बंटवारे से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई, जो बिहार के विभाजन के समय से लंबित हैं। शाह ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच क्षेत्रीय परिषदों की 25 बैठकें हुई थीं जिनकी संख्या 2014 से 2025 के बीच बढ़कर 63 हो गई। शाह ने कहा, ''हम प्रति वर्ष औसतन 2 से 3 बैठकों से आगे बढ़कर प्रति वर्ष औसतन 6 बैठकें करने लगे हैं। इन बैठकों में कुल 1,580 मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें से 1287 यानी 83 प्रतिशत मुद्दों का समाधान कर दिया गया है।''

## वडोदरा पुल हादसा: मृतकों की संख्या बढ़कर 17 हुई, तीन अब भी लापता, चार अभियंता निलंबित

**मुख्यमंत्री पटेल ने वडोदरा में नदी पर बने पुल के ढहने के मामले में चार अभियंताओं को निलंबित किया**



**वडोदरा :** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 17 हो गई जबकि तीन लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बुधवार सुबह पादरा कस्बे के निकट गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए। यह पुल आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ता है। वडोदरा के जिलाधिकारी अनिल धमेलिया ने संवाददाताओं को बताया, ''तीन लोग अब भी लापता हैं और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों की कम से कम 10 टीम शवों की तलाश में खोज और बचाव अभियान चला रही हैं। अब तक 17 पीड़ितों के शव बरामद किए जा चुके हैं। पांच घायलों की हालत स्थिर है और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।'' जिलाधिकारी ने कहा, ''बारिश और नदी में गहरे दलदल के कारण बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण हो गया है क्योंकि ऐसी स्थिति में कोई भी मशीन काम नहीं कर रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल बृहस्पतिवार को पुल ढहने के सिलसिले में कार्रवाई करते हुए राज्य के सड़क और भवन विभाग के चार अभियंताओं को निलंबित कर दिया। एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया कि निलंबित अधिकारियों की पहचान कार्यकारी अभियंता एनएम नायकवाला, उप कार्यकारी अभियंता यूसी पटेल और आरटी पटेल तथा सहायक अभियंता जेवी शाह के रूप में की गई है।

## हरियाणा में 4.4 तीव्रता का भूकंप, दिल्ली-एनसीआर में भी महसूस हुए

**नयी दिल्ली :** हरियाणा में झज्जर के समीप बृहस्पतिवार सुबह 4.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र झज्जर से तीन किलोमीटर उत्तरपूर्व और दिल्ली से 51 किलोमीटर पश्चिम में जमीन से 10 किलोमीटर की गहरायी में था। भूकंप के झटके सुबह नौ बजकर चार मिनट पर महसूस किए गए। झज्जर के अलावा भूकंप के झटके पड़ोसी रोहतक और गुरुग्राम जिलों, पानीपत, हिसार और मेरठ में भी महसूस किए गए। झज्जर में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया, ''यह जोरदार झटका था। मुझे लगता है कि मैंने जिंदगी में पहली बार इतना तेज झटका महसूस किया।'' उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस होते ही दहशत फैल गई और लोग खुले स्थानों पर इकट्ठा हो गए। लोग अपने घरों से बाहर भागे, कई तो नंगे पैर ही घरों से बाहर निकल पड़े। विकासपुरी निवासी सुल्तान खान ने बताया कि यह बहुत ही डरावना अनुभव था। उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया, ''हमें अचानक धरती हिलती हुई महसूस हुई और हम अपने घर से बाहर भागे। बाद में हमें अहसास हुआ कि भूकंप आया था। पहले गर्मी, फिर रात भर की बारिश, और अब यह, इन तीनों ने हमारे लिए हालात बहुत मुश्किल कर दिए हैं।'' एक अन्य निवासी अहमद अली ने बताया, ''यह एक डरावना पल था।

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन के लिए 21 किमी लंबी सुरंग के निर्माण में पहली सफलता मिली : एनएचएसआरसीएल

**ठाणे/मुंबई :** नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए मुंबई में बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और ठाणे स्थित शिलफाटा के बीच बनाई जा रही 21 किलोमीटर लंबी सुरंग में पहली सफलता हासिल हो गई है। एनएचएसआरसीएल की एक विज्ञप्ति के अनुसार, कुल 21 किलोमीटर लंबी सुरंग के निर्माण में पहली सफलता बुधवार को मिली। विज्ञप्ति के अनुसार, इसके साथ ही 'न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड' (एनएटीएम) का उपयोग कर सुरंग के 2.7 किलोमीटर लंबे खंड के निर्माण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। बयान में कहा गया है कि यह भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। परियोजना का उद्देश्य मुंबई और अहमदाबाद को हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर से जोड़ना है, जिससे यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा और दोनों शहरों के बीच परिवहन दक्षता बढ़ेगी। बयान के अनुसार, ''कुल 21 किमी लंबी सुरंग हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगी, जिसमें से 16 किलोमीटर सुरंग बोरिंग मशीनों (टीबीएम) का उपयोग कर और शेष 5 किलोमीटर न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) के जरिये बनाई जाएगी, विशेष रूप से शिलफाटा और घनसोली के बीच। सुरंग में, समुद्र के अंदर ठाणे क्रीक का सात किमी लंबा खंड भी शामिल है।'' हालांकि, सूत्रों ने बताया कि 16 किमी लंबी सुरंग के निर्माण के लिए कंपनियों से टीबीएम अभी तक प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन इन मशीनों को संचालित करने के लिए शाफ्ट और अन्य उपकरण मौजूद हैं। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना की कुल लागत 1.08 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है।



## प्राइम डे पर अमेज़न की बड़ी बचत, लॉन्च हुआ गिगलबॉक्स बेबी हैम्पर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेज़न इंडिया ने प्राइम डे (12 से 14 जुलाई) पर ग्राहकों के लिए भारी छूट और नया गिफ्ट हैम्पर गिगलबॉक्स लॉन्च किया है। इस हैम्पर में शिशु देखभाल से जुड़ी जरूरी चीज़ें शामिल हैं, जो नए माता-पिता के लिए उपहार देने का एक अच्छा विकल्प है। प्राइम डे पर ग्राहक 30 लाख से ज्यादा रोजमर्रा की चीज़ों पर 60% तक और ताज़ा किराना सामान पर 50% तक की छूट पा सकते हैं। बेबी केयर, हेल्थ प्रोडक्ट्स, ग्रॉसरी, किचन आइटम्स, क्लीनिंग प्रोडक्ट्स और पालतू जानवरों के सामान पर भी शानदार डील्स मिल रही हैं। प्राइम मेंबर अमेज़न फ्रेश से 2 घंटे की डिलीवरी, 400 तक कैशबैक और अमेज़न पे कार्ड पर एक्स्ट्रा ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं। जो अभी तक प्राइम मेंबर नहीं हैं, वे 399 रुपये से शुरू होने वाली मेंबरशिप लेकर इन सभी ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।

## अमेजन पे ने लॉन्च किया 'रिवॉर्ड्स गोल्ड', हर खरीद पर 5% तक कैशबैक

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन पे ने 'रिवॉर्ड्स गोल्ड' प्रोग्राम लॉन्च किया है, जो ग्राहकों को रोजमर्रा की खरीदारी और भुगतान पर 5% तक अनलिमिटेड कैशबैक प्रदान करता है। पिछले 3 महीनों में अमेजन पे से 25 से ज्यादा लेनदेन करने वाले ग्राहक इस प्रोग्राम के लिए पात्र होंगे। प्राइम मेंबर्स को हर योग्य लेनदेन पर 5% और गैर-प्राइम ग्राहकों को 3% कैशबैक मिलेगा। कैशबैक किराना, कपड़े, यात्रा, फूड डिलीवरी, मनोरंजन जैसे कई लोकप्रिय खर्च श्रेणियों पर मिलेगा। यह कैशबैक 55,000 से ज्यादा ऑनलाइन और ऑफलाइन मर्चेंट्स पर रिडीम किया जा सकता है। अमेजन इंडिया के प्राइम डे (12-14 जुलाई) से पहले ग्राहक पात्रता हासिल कर अतिरिक्त बचत कर सकते हैं। अमेजन पे के डायरेक्टर गिरीश कृष्णन ने कहा कि यह प्रोग्राम ग्राहकों को हर बार उपयोग पर पारदर्शी और आसान रिवॉर्ड प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम है।

## ईडी ने भारतीयों को अवैध रूप से विदेश भेजने वाले एजेंट, आव्रजन एजेंसियों का पता लगाया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने 30 मूल पासपोर्ट बरामद किए हैं और विभिन्न एजेंट और आव्रजन एजेंसियों के नाम भी पता लगाए हैं जो बड़े पैमाने पर भारतीयों को ''डंकी रूट'' के जरिये अवैध रूप से विदेश भेजने का धंधा चला रहे थे। 'डंकी रूट' उस रास्ते को कहते हैं, जिसके जरिए प्रवासी नागरिक अवैध तरीके से किसी देश तक पहुंचते हैं। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने यह जानकारी पंजाब और हरियाणा में बुधवार को की गई छापेमारी के बाद प्राप्त की। यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज एक मामले के तहत की गई थी। यह मामला फरवरी में अमेरिका से कई भारतीयों को वापस भेजे जाने के बाद दर्ज किया गया था। इसमें कहा गया है कि पंजाब में अमृतसर, संगरूर, पटियाला और मोगा तथा हरियाणा में अंबाला, कुरुक्षेत्र और करनाल जैसे शहरों में ईडी ने छापेमारी की। धन शोधन का यह मामला हरियाणा और पंजाब में पुलिस द्वारा इन मामलों में दर्ज की गई प्राथमिकी से सामने आया है। ईडी ने कहा कि लोगों को 'डंकी रूट' के माध्यम से भेजने में शामिल एजेंट में से एक के घर से 30 मूल पासपोर्ट पाए गए।

## मुंबई में 'सिंदूर ब्रिज' का उद्घाटन, फडणवीस ने इसे सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान बताया

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को दक्षिण मुंबई में पुनर्निर्मित कार्नाक रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का उद्घाटन किया, जिसे भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के सम्मान में 'सिंदूर ब्रिज' नाम दिया गया है। फडणवीस ने कहा कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के अंदरुनी इलाकों में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करके असाधारण साहस और रणनीतिक कुशलता का परिचय दिया है। फडणवीस ने संवाददाताओं को बताया कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करके असाधारण साहस और सामरिक



सटीकता का परिचय दिया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा, ''यह नाम परिवर्तन हमारे सशस्त्र बलों और भारत की रक्षा क्षमताओं के प्रति सम्मान है।'' 'सिंदूर ब्रिज' का पुनर्निर्माण बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) द्वारा किया गया है। मूल रूप से 150 साल पुराने इस पुल को मध्य रेलवे ने असुरक्षित घोषित कर दिया था और अगस्त 2022 में इसे ध्वस्त कर दिया गया था। इसका नाम बदलकर 'सिंदूर ब्रिज' कर दिया गया है, जो पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए मई में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई से प्रेरित है।

## जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले वायुसेना के पायलट सिंधु एक महीने पहले बने थे पिता

**चंडीगढ़ :** राजस्थान के चुरू के निकट बुधवार को जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के दो पायलटों में से एक स्क्वाड्रन लीडर लोकेंदर एक महीने पहले ही पिता बने थे और हरियाणा में उनका परिवार इसका जश्न मना रहा था। हरियाणा के रोहतक के खेरी साध गांव के रहने वाले लोकेंदर ने मंगलवार शाम को वीडियो कॉल के जरिए अपने परिवार से बात की थी और घटना से कुछ घंटे पहले ही उन्होंने परिवार के सदस्यों को संदेश भेजकर हालचाल पूछा था। लोकेंदर के परिवार के कुछ सदस्यों ने बृहस्पतिवार को रोहतक में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वे लोकेंदर के बेटे के जन्म का जश्न मना रहा थे, लेकिन किसी को नहीं पता था कि भाग्य में यह लिखा है। उन्होंने कहा कि लोकेंदर के बेटे का जन्म ठीक एक महीने पहले 10 जून को हुआ था। बुधवार सुबह हुई दुर्घटना में भारतीय वायुसेना के एक और पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिराज सिंह (23) की भी मौत हो गई। घटना के बाद, वायुसेना ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' का गठन किया गया है। लोकेंदर के बच्चे के जन्म के उपलक्ष्य में परिवार ने 30 जून को एक समारोह आयोजित किया था, जिसमें लोकेंदर शामिल हुए थे। उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि अगले दिन वह फिर से ड्यूटी पर लौट गए।

## अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष से 230 से अधिक सूर्योदय देखे, करीब 100 लाख किमी की यात्रा की

**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और उनके एक्सिओम-4 चालक दल ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 230 सूर्योदय देखे हैं और कक्षीय प्रयोगशाला में दो सप्ताह के अंत में अंतरिक्ष में लगभग 100 लाख किलोमीटर की यात्रा की है। शुक्ला, पैगी व्हिटसन, स्लावोज़ उज़्नान्स्की-विस्नीवस्की और टिबोर कापू सहित एक्सिओम-4 चालक दल ने भी आईएसएस पर अपना अंतिम अवकाश दिवस बिताया, तथा पृथ्वी पर वापसी की तारीख की नासा द्वारा घोषणा की प्रतीक्षा की। एक्सिओम स्पेस के एक बयान में कहा गया है कि एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) के चालक दल ने पृथ्वी के चारों ओर लगभग 230 परिक्रमाएं पूरी कर ली हैं और साठ लाख मील (96.5 लाख किलोमीटर) से अधिक की यात्रा की है। बयान में कहा गया है, पृथ्वी से लगभग 250 मील ऊपर से चालक दल ने अपना खाली समय तस्वीरें और वीडियो लेने, धरती का नज़ारा देखने और प्रियजनों से फिर से जुड़ने में बिताया। जैवचिकित्सा विज्ञान, उन्नत सामग्री, तंत्रिका विज्ञान, कृषि और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 60 से अधिक प्रयोगों के साथ, एक्स-4 मिशन में अब तक एक्सिओम स्पेस के निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन पर किए गए सबसे अधिक शोध शामिल हैं। ये शोध मानव अंतरिक्ष अन्वेषण और पृथ्वी पर जीवन के भविष्य को बदल सकती है, साथ ही मधुमेह प्रबंधन, नवीन कैंसर उपचार और मानव स्वास्थ्य और प्रदर्शन की बेहतर निगरानी जैसे क्षेत्रों में संभावित सफलताएं भी प्राप्त हो सकती हैं।

## ईडी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े मामले में 29 अभिनेताओं, इन्फ्लुएंसर, यूट्यूबर पर मामला दर्ज

**हैदराबाद :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुछ ऑनलाइन सट्टेबाजी मंचों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत तेलंगाना में कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर के अलावा विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबती एवं प्रकाश राज जैसे अभिनेताओं सहित 24 से अधिक मशहूर हस्तियों की भूमिका की जांच के लिए धनशोधन का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इन माध्यमों से कथित तौर पर अवैध सट्टेबाजी और जुए के जरिए करोड़ों रुपये की ''अवैध'' धनराशि अर्जित करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करने के लिए पांच राज्यों की पुलिस की प्राथमिकियों का संज्ञान लिया है। ईडी मामले में देवरकोंडा, दग्गुबती, मंचू लक्ष्मी, राज, निधि अग्रवाल, प्रणिता सुभाष, अनन्या नागल्ला, टीवी होस्ट श्रीमुखी के अलावा स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर सहित लगभग 29 हस्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि इन हस्तियों पर सेलिब्रिटी या एंडोर्समेंट शुल्क के बदले जंगली रमी, जीतविन, लोटस365 आदि जैसे ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप का ''प्रचार'' करने का संदेह है। सूत्रों ने बताया कि इनमें से कुछ ''मशहूर'' हस्तियों ने पहले कहा था कि वे जिन ऐप और उत्पादों का प्रचार करते हैं उनकी सही कार्यप्रणाली के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी।

## आरेडिका में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण, 25 हजार पौधों का लक्ष्य

**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में जुलाई माह में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अब तक 14,000 पौधे और 1 लाख बीज विभिन्न स्थानों पर रोपे जा चुके हैं। यह अभियान पूरे जुलाई माह तक चलेगा और कुल 25,000 पौधों तथा 2.75 लाख बीजों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। स्पोर्ट्स ग्राउंड, बैरक ग्राउंड, ऑफिसर कॉलोनी, तालाबों और सड़कों के किनारे पीपल, नीम, आम, जामुन, गुलमोहर, कचनार, अमलताश, पाकड़ आदि प्रजातियों के पौधे लगाए गए। अभियान में आरेडिका के प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, आरपीएफ के जवान, महिला कल्याण संगठन और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक मिश्रा ने सभी यूनियनों और कर्मचारियों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया और घोषणा की कि स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभाग या कर्मचारी को सम्मानित किया जाएगा। आरेडिका ने इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया है।



# पूर्वोत्तर में बाढ़ : भारतीय सेना ने राहत अभियान शुरू किया, करीब 3800 लोगों को बचाया गया

**गुवाहाटी :** भारतीय सेना ने पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ के मद्देनजर व्यापक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान (एचएडीआर) शुरू किया है। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। सेना के मुताबिक उसने पूरे क्षेत्र में 40 राहत टुकड़ियां तैनात की हैं और कुल 3,820 लोगों को बचाया है। सेना ने नगालैंड, असम और मणिपुर में समन्वित तैनाती के साथ 'ऑपरेशन जल राहत-2' के तहत बचाव अभियान शुरू किया है। बयान के मुताबिक, ''इन प्रयासों का नेतृत्व असम राइफल्स (उत्तर) के मुख्यालय महानिरीक्षक द्वारा स्थानीय




नागरिक प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है।'' इसके अनुसार सेना ने अबतक खाने के 1,361 पैकेट बांटे हैं और पानी की 15,421 बोतलें वितरित की हैं। सेना द्वारा 2,095 लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। असम के गोलाघाट में धनसिरी नदी के खतरे के निशान के ऊपर बहने कारण सेना ने ऊपरी जिलों में एचएडीआर अभियान शुरू किया है। बयान के मुताबिक, ''असम की नदियों में हालांकि जल स्तर घट रहा है, लेकिन सेना स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करने के लिए तैयार है।'' सेना ने नगालैंड के संदर्भ में बताया कि दीमापुर के उपायुक्त ने बृहस्पतिवार को सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक सिंगरिजन कॉलोनी में तत्काल बाढ़ राहत अभियान के लिए सेना से मदद मांगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, ''सेना ने इंजीनियर टास्क फोर्स (ईटीएफ) टीम की तैनाती के साथ त्वरित प्रतिक्रिया दी। हालांकि, बाद में मौखिक रूप से सेना को वापस बुलाने का आदेश प्राप्त हुआ, लेकिन सेना मुख्यालय आईजीएआर (एन) स्थित बाढ़ राहत नियंत्रण केंद्र के माध्यम से संसाधन जुटाकर तैयार है।''

## भारतीय रेलवे और डीएफसीसीआईएल के बीच समझौता, एआई आधारित निरीक्षण प्रणाली से बढ़ेगी ट्रेन

**नई दिल्ली/कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) ने मशीन विजन आधारित निरीक्षण प्रणाली (एमवीआईएस) की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह उन्नत प्रणाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर आधारित है, जो ट्रेन के चलते समय उसके अंडर-गियर की हाई-रिज़ॉल्यूशन तस्वीरें लेती है और किसी भी ढीले, लटके या गायब हिस्सों की तुरंत पहचान कर वास्तविक समय में अलर्ट भेजती है। समझौते पर रेलवे बोर्ड के निदेशक (परियोजना एवं विकास) सुमित कुमार और डीएफसीसीआईएल के जीजीएम (मैकेनिकल) जवाहर लाल ने रेल भवन, नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए। इस मौके पर रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) बी.एम. अग्रवाल, डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। समझौते के तहत डीएफसीसीआईएल चार एमवीआईएस इकाइयों की खरीद, स्थापना और परीक्षण करेगा। यह तकनीक भारतीय रेलवे में पहली बार लागू की जा रही है और इससे मैनुअल निरीक्षण की आवश्यकता कम होगी, संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा और सेवा में व्यवधान घटेगा। यह पहल रेलवे में डिजिटलीकरण और सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जो भविष्य के लिए सुरक्षित और स्मार्ट रेल नेटवर्क की नींव रखेगी।



## भारत ए हॉकी टीम ने आयरलैंड को 6-0 से हराया



**आइंडहोवन (नीदरलैंड) :** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था। उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा। भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी। उन्होंने कहा, 'आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हमारा सामना फ्रांस से होगा और मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखेगी।' आयरलैंड और फ्रांस के अलावा भारत दो सप्ताह के अपने यूरोपीय दौरे में इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ भी खेलेगा।

# रूट शतक के करीब, इंग्लैंड ने बनाए चार विकेट पर 251 रन

**लंदन :** जो रूट के नाबाद 99 रन की बदौलत इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले दिन स्टंप्स तक चार विकेट पर 251 रन बनाए। रूट अपने 37वें टेस्ट शतक से एक रन दूर हैं और कप्तान बेन स्टोक्स (39*) के साथ अब तक 79 रन की साझेदारी कर चुके हैं। रूट ने इससे पहले ओली पोप (44) के साथ तीसरे विकेट के लिए 109 रन जोड़े। हालांकि भारतीय गेंदबाजों ने रन गति पर नियंत्रण बनाए रखा और इंग्लैंड की टीम 83 ओवर में 3.02 की दर से ही रन बना सकी।भारत की ओर से नितीश कुमार रेड्डी ने दो विकेट झटके जबकि जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को एक-एक सफलता मिली। दिन के दौरान पंत के चोटिल होने से भारत को झटका लगा, उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की। मैदान पर उड़ते कीड़ों के कारण खेल कुछ देर रुका भी रहा। इस मुकाबले में जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी हुई है, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को बाहर बैठना पड़ा।



## न्यूज अपडेट

### लॉर्ड्स स्थित एमसीसी संग्रहालय में सचिन तेंदुलकर के चित्र का अनावरण



**लंदन :** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले बृहस्पतिवार को लॉर्ड्स के एमसीसी (मेरिलबोन क्रिकेट क्लब) संग्रहालय में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के चित्र (पोर्ट्रेट) का अनावरण किया गया। यह पोर्ट्रेट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने 18 वर्ष पहले अपने घर पर ली गई एक तस्वीर से बनाया है। यह पोर्ट्रेट इस वर्ष के अंत तक एमसीसी संग्रहालय में रहेगा और उसके बाद इसे पवेलियन में लगाया जाएगा। यहां जारी की गई एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'जैसे-जैसे काम आगे बढ़ा, पियर्सन राइट का दृष्टिकोण भी बदलता गया और अंततः घिसे हुए एल्युमीनियम पर तेल की चित्रकारी के साथ यह समाप्त हुआ। इसमें अमूर्त पृष्ठभूमि तेंदुलकर की कालातीतता को दर्शाती है, जो किसी युग तक सीमित नहीं है।' पियर्सन राइट ने इससे पहले कपिल देव, बिशन सिंह बेदी और दिलीप वेंगसरकर के चित्र बनाए हैं। विज्ञप्ति के अनुसार तेंदुलकर ने कहा, 'यह बहुत बड़ा सम्मान है। भारत ने जब 1983 में विश्व कप जीता था, तब लॉर्ड्स से मेरा पहला परिचय हुआ था।' उन्होंने कहा, 'मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा। उस पल ने क्रिकेट में मेरे सफर को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नोवाक जोकोविच रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन के सेमीफाइनल में



**लंदन :** नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पुरुष एकल में रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में विश्व के 22वें नंबर के खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली को 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। इससे पहले तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने शानदार सर्विस और तेज फोरहैंड का इस्तेमाल करते हुए 10वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच को सिनर से पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा लेकिन विंबलडन में उन्होंने इटली के इस खिलाड़ी के खिलाफ जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने जीत हासिल की है। जोकोविच ने कहा, 'मैं इस बात को अच्छी तरह से जानता हूं कि इस समय यानिक को हराने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।' इस बीच महिला एकल में इगा स्वियाटेक ने 19वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा पर 6-2, 7-5 से जीत के साथ पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली टी20 श्रृंखला जीती



**मैनचेस्टर :** भारत ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चौथे मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर नया इतिहास रचा। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मैच शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा। भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई प्रत्येक महिला टी-20 श्रृंखला में हारती रही थी। बुधवार की रात को खेले गए मैच में भारत की शानदार जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। राधा यादव (2/15), श्री चरणी (2/30) और दीप्ति शर्मा (1/29) ने मिलकर पांच विकेट लिए और मेजबान टीम को सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज़ शेफाली वर्मा (32) और स्मृति मंधाना (31) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी करके जीत की नींव रखी। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप अगले साल इंग्लैंड में खेला जाएगा और इससे उसे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलेगी।

## फीफा रैंकिंग में भारत 133वें स्थान पर, नौ साल में सबसे खराब रैंकिंग

**नयी दिल्ली :** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम जून में मिली दो हार से बृहस्पतिवार को जारी फीफा रैंकिंग में छह पायदान की गिरावट से 133वें स्थान पर खिसक गई। भारत चार जून को एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में थाईलैंड (0-2) से हार गया और फिर एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में उसे निचली रैंकिंग वाली हांगकांग (0-1) से भी पराजय झेलनी पड़ी। इसके बाद मुख्य कोच मनोलो मारकेज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से नाता तोड़ लिया। इससे पहले पिछली बार भारतीय टीम की सबसे खराब रैंकिंग दिसंबर 2016 में थी जब वह 135वें स्थान पर थी। भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग फरवरी 1996 में 94 थी। भारतीय टीम के अभी 1113.22 रेटिंग अंक हैं जबकि पहले उसके 1132.03 अंक थे। वह 46 एशियाई देशों में 24वें स्थान पर है जिसमें जापान (17वीं रैंकिंग) सबसे आगे है। भारतीय पुरुष टीम के लिए कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। हांगकांग के खिलाफ हार ने टीम की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की मुहिम को मुश्किल में डाल दिया है। मारकेज के मार्गदर्शन में टीम ने अपने पिछले आठ में से सिर्फ एक मैच में जीत दर्ज की और उसे यह जीत मार्च में मालदीव के खिलाफ मिली थी। इस सल भारत ने अभी तक चार मैच खेले हैं जिसमें से उसे एक में जीत मिली है जबकि दो मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। इन खराब नतीजों के कारण पूर्व कप्तान और स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री की टीम में संन्यास से वापसी हुई लेकिन इससे टीम की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ।

## सबालेंका को हराकर अनिसिमोवा विंबलडन फाइनल में, स्वियातेक से होगी भिड़ंत

**लंदन :** तेरहवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने बृहस्पतिवार को यहां विम्बलडन में शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर उलटफेर करते हुए अपने करियर में पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में प्रवेश किया। अनिसिमोवा ने बर्नआउट के कारण एक साल पहले टेनिस से ब्रेक लिया था। न्यू जर्सी में जन्मी और फ्लोरिडा में पली-बढ़ी अनिसिमोवा 17 साल की उम्र में 2019 फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल में हार गई थीं। मई 2023 में उन्होंने यह कहते हुए टूर से ब्रेक ले लिया कि वह लगभग एक साल से मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रही हैं। चौथे मैच प्वाइंट पर फोरहैंड विनर के साथ दो घंटे 36 मिनट के मुकाबले को समाप्त करने के बाद अनिसिमोवा ने कहा, "यह अभी वास्तविक नहीं लग रहा है। मुझे नहीं पता कि मैंने यह जीत कैसे हासिल की।" अब ट्रॉफी के लिए शनिवार को उनका सामना इगा स्वियातेक से होगा। पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियातेक ने बेलिंडा बेनसिच को 6-2, 6-0 से हराकर पहली बार ऑल इंग्लैंड क्लब में फाइनल में जगह बनाई। इस तरह लगातार आठवीं बार विम्बलडन को नई महिला चैंपियन मिलेगी। सबालेंका अक्टूबर में स्वियातेक को हटाकर शीर्ष पर पहुंची थी। सबालेंका इस हार से सेरेना विलियम्स के बाद लगातार चार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से चूक गईं।



## आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 345 अंक टूटा, निफ्टी 121 अंक के नुकसान में



**मुंबई :** सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 345 अंक के नुकसान में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 121 अंक टूट गया। निवेशकों ने कंपनियों के तिमाही नतीजों से पहले सतर्क रुख अपनाया। इसके अलावा, शुल्क संबंधी अनिश्चितताओं के कारण भी बाजार में निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 345.80 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,190.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 401.11 अंक तक नीचे आ गया था। बीएसई के 2,064 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,959 शेयरों के भाव बढ़ गए। वहीं 138 शेयरों के मूल्य में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी प्रकार, 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 120.85 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,355.25 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से घरेलू बाजार में नुकसान पर अंकुश लगा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से पहले आईटी शेयरों में कमजोर रुख के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। आईटी और वित्त क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहने की आशंका के कारण पहली तिमाही के नतीजों से पहले निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है...।' सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा और इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट आई। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में मारुति, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और ट्रेंट शामिल हैं।

# दुनिया में सबसे तेज भुगतान भारत में, यूपीआई को श्रेय : आईएमएफ

**नयी दिल्ली :** भारत अब किसी भी अन्य देश की तुलना में तेज़ भुगतान करता है और इसका 'श्रेय एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को जाता है।' अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने एक लेख में यह जानकारी देते हुए बताया है कि भारत मे डेबिट और क्रेडिट कार्ड सहित अन्य साधनों का उपयोग घट रहा है। यूपीआई एक त्वरित भुगतान प्रणाली है जिसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से अंतर-बैंक लेनदेन की सुविधा के लिए विकसित किया गया है। आईएमएफ के वित्तीय प्रौद्योगिकी लेख 'बढ़ते खुदरा डिजिटल भुगतान: इंटरऑपरेबिलिटी का मूल्य' में कहा गया है कि 2016 में पेश होने के बाद से यूपीआई का तेज़ी से विकास हुआ है, जबकि नकदी के उपयोग के लिए कुछ खंडों में गिरावट शुरू हो गई है। यूपीआई अब प्रति माह 18 अरब से अधिक लेनदेन संसाधित करता है और भारत में अन्य इलेक्ट्रॉनिक खुदरा भुगतानों पर हावी है। लेख में कहा गया, भारत अब किसी भी अन्य देश की तुलना में तेज़ भुगतान करता है। साथ ही, नकदी के इस्तेमाल में भी कमी आई है। लेख में भारत के यूपीआई पर लेन-देन की दुनिया को कवर करने वाले विस्तृत आंकड़ों का उपयोग करते हुए इस ढांचे के अनुरूप साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। यूपीआई एक अंतर-संचालनीय मंच है जो मात्रा के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी खुदरा त्वरित भुगतान प्रणाली बन गई है। लेख में कहा गया, साल 2016 में पेश होने के बाद से यूपीआई तेज़ी से बढ़ा है, जबकि नकदी के उपयोग में गिरावट शुरू हो गई है। यूपीआई अब प्रति माह 18 अरब से ज़्यादा लेनदेन को सक्षम बनाता है और भारत में अन्य इलेक्ट्रॉनिक खुदरा भुगतानों में अग्रणी है। 'फिनटेक नोट्स' आईएमएफ के सदस्यों की ओर से नीति-निर्माताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यावहारिक सलाह प्रदान करते हैं।




## व्यापार को सुगम बनाने का काम जारी, राज्यों को इन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत: नीति सदस्य

**नयी दिल्ली :** नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने बृहस्पतिवार को कहा कि कारोबार को सुगम बनाने का काम जारी है। उन्होंने राज्यों के भीतर नगरपालिका स्तर पर सुधारों की जरूरत भी बतायी। गौबा ने 'व्यापार सुगमता और निवेश प्रोत्साहन पर आयोजित कार्यशाला' को संबोधित करते हुए सभी राज्यों से जन विश्वास जैसे सुधारों को अपने खुद के हिसाब से लागू करने का आग्रह किया, जिसका उद्देश्य नियामकीय दखल को कम करना और व्यावसायिक भरोसे को बढ़ावा देना हो। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राज्यों के स्तर पर निवेश और कारोबार सुगमता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण सात प्रमुख सुधार क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। बयान में कहा गया है कि इनमें छोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से हटाना, विनियमन और अनुपालन बोझ में कमी, व्यापार सुधार कार्ययोजना (बीआरएपी) का कार्यान्वयन, औद्योगिक बुनियादी ढांचे का विकास, एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली, वित्तीय और कराधान सुधार और निवेश प्रोत्साहन रणनीतियां शामिल थीं। कार्यशाला में छोटे व्यावसायिक अपराधों को नागरिक जुर्माने में तब्दील करने की जरूरत पर जोर दिया गया। साथ ही उद्यमियों पर बोझ कम करने के लिए अनुपालन व्यवस्था को व्यवस्थित करने की भी बात कही गयी। इस सत्र से एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह निकला कि दीर्घकालीन निवेशक भरोसा न केवल प्रवेश के समय सुविधा, बल्कि स्थापना के बाद निरंतर समर्थन पर भी निर्भर करता है। इसमें समय पर शिकायत निवारण, नीतियों के स्तर पर निरंतरता और विभागों के बीच बेहतर तालमेल शामिल है।

## अनिल अंबानी के कर्ज खाते को 'धोखाधड़ी' वाला खाता घोषित करने का आदेश वापस: केनरा बैंक

**मुंबई :** केनरा बैंक ने मुंबई उच्च न्यायालय से बृहस्पतिवार को कहा कि उसने उद्योगपति अनिल अंबानी से जुड़ी एक कंपनी के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' वाला खाता घोषित करने का अपना आदेश वापस ले लिया है। बैंक के यह जानकारी देने के बाद न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने बैंक के आदेश को चुनौती देने वाली अनिल अंबानी की याचिका का निपटान करते हुए कहा कि इसमें अब कुछ भी गौर करने के लिए नहीं बचा है। पीठ ने कहा कि आदेश वापस लेने की सूचना भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को दी जाएगी। यह ऋण खाता अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस से संबंधित है, जो दिवाला कार्यवाही से गुजर रही है।

### टीसीएस का जून तिमाही में शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ रुपये पर

**मुंबई :** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टीसीएस का चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान कंपनी की गैर-प्रमुख क्षेत्रों से आय बढ़ी जबकि राजस्व वृद्धि की रफ्तार सुस्त रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने बृहस्पतिवार को अप्रैल-जून, 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना शेयर बाजारों को दी। टीसीएस वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के नतीजों की सूचना देने वाली पहली प्रमुख कंपनी है।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है भारत : मुख्य वार्ताकार

**नयी दिल्ली :** भारत, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को बातचीत के जरिये अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है। वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। अग्रवाल प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के मुख्य वार्ताकार भी हैं। इस समझौते के पहले चरण को इस साल शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे पहले, दोनों देश एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि भारत ने अबतक 26 देशों के साथ 14 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) लागू किए हैं। उन्होंने यहां 'एक्सपोर्ट लॉजिस्टिक' पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'अब हम प्रमुख बाजारों के साथ जुड़ रहे हैं...हमने हाल ही में ब्रिटेन के साथ एक समझौता किया है। हम यूरोपीय संघ के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में हैं। हम अमेरिका के साथ भी समझौते पर बातचीत कर उसे अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि भारत, चिली और पेरू सहित लातिनी अमेरिकी देशों के साथ भी व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। अग्रवाल ने कहा, 'हमने ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ व्यापार समझौता किया है। हम न्यूजीलैंड के साथ बातचीत कर रहे हैं... हम प्रमुख व्यापारिक साझेदारों तथा प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापक स्तर पर जुड़े रहे हैं... इससे भारत के लिए भी वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का हिस्सा बनने के बड़े अवसर उत्पन्न होंगे।' उन्होंने कहा, 'हमारे शुल्क में द्विपक्षीय रूप से कटौती की जाएगी... लोग शुल्क और नियामक परिदृश्य का अनुमान लगाने की क्षमता के आधार पर दीर्घकालिक निवेश निर्णय लेने में सक्षम होंगे... इसमें लॉजिस्टिक भी एक प्रमुख निर्धारक होगा।' अग्रवाल ने कहा कि सरकार भारत में उद्योग के लिए लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए काम कर रही है।



## दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के लिए भारत को निर्यात बढ़ाना होगा: ठाकुर

**नयी दिल्ली :** बंदरगाह, पोत परिवहन और एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के लिए अपने निर्यात को बढ़ाना होगा और इसमें पोत परिवहन एवं जलमार्ग क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ठाकुर ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक क्षेत्र के विकास पर समान एवं संतुलित ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि भारतीय उत्पादों का मूल्य बढ़ाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक राज्य से दूसरे राज्य तक माल परिवहन में लगने वाले समय को कम करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा पोत परिवहन और लॉजिस्टिक क्षेत्र के गहन विकास के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग अनिवार्य है। पोत परिवहन के माध्यम से 70 प्रतिशत व्यापार किए जाने का जिक्र करते हुए ठाकुर ने पोत परिवहन उद्योग के व्यापक विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री ने देश में पूर्वोत्तर से लेकर उत्तर-पश्चिम तक एक मजबूत संपर्क अवसंरचना स्थापित करने के लिए संचार प्रणालियों में सुधार की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इससे अंतिम छोर तक निर्बाध संपर्क सुनिश्चित हो सकेगा।



### एलआईसी की व्यक्तिगत प्रीमियम आय जून में 14.6 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की व्यक्तिगत प्रीमियम खंड से आय जून में 14.60 प्रतिशत बढ़ी है। जीवन बीमा परिषद के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि निजी क्षेत्र की सभी जीवन बीमा कंपनियों की कुल प्रीमियम आय में इस दौरान 12.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एलआईसी ने जून, 2025 में व्यक्तिगत प्रीमियम के रूप में 5,313 करोड़ रुपये एकत्र किए, जबकि निजी क्षेत्र की 25 कंपनियों ने कुल मिलाकर 8,408 करोड़ रुपये जुटाए। एलआईसी द्वारा इस दौरान जारी की गईं कुल पॉलिसी की संख्या 12.49 लाख रही, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 14.65 लाख थी। व्यक्तिगत पॉलिसियों की श्रेणी में, एलआईसी ने जून, 2025 के लिए 12.48 लाख पॉलिसियां जारी कीं, जबकि 2024 में इसी माह में यह संख्या 14.62 लाख थी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3293 अंक 103, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in